सोमवार, 15 जून 2026

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, आषाढ़ (अधिक) कृष्णपक्ष अमावस्या, वि.स. 2083, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 28 – 33 |
| आर्द्रता | 91% |
| सूर्योदय: 04:51 | सूर्यास्त: 18:22 |



स्मृति के अर्धशतक और दीप्ति के पंजे से पाकिस्तान पस्त पृष्ठ 7

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

**सुविचार :** जब यश प्राप्त हो, तो उसके प्रति अहंकार मत करो।




RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# टीएमसी के बागी सांसदों ने नेशनलिस्ट सिटीजन्स पार्टी में विलय का किया ऐलान, एनडीए को समर्थन

## बागी सांसदों ने केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के आवास पर की बैठक



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात करते तृणमूल कांग्रेस के बागी सांसद

### बागी सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष से सदन में अलग बैठने की व्यवस्था की मांग की

**कोलकाता/नयी दिल्ली :** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में चल रही बगावत रविवार को अपने चरम पर पहुंच गई, जब पार्टी के असंतुष्ट सांसदों ने नेशनलिस्ट सिटीजन्स पार्टी में अपने विलय की घोषणा कर दी। इन सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात कर सदन में अपने लिए अलग बैठने की व्यवस्था करने की मांग की है। लोकसभा अध्यक्ष से मुलाकात के बाद संवाददाताओं से बातचीत में बागी सांसद काकोली घोष दस्तीदार ने दावा किया कि टीएमसी के दो-तिहाई लोकसभा सदस्यों ने एक अलग समूह के रूप में मान्यता देने के लिए लोकसभा अध्यक्ष को पत्र सौंपा है। उन्होंने कहा कि टीएमसी के दो-तिहाई सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष को अलग बैठने की व्यवस्था के लिए पत्र दिया है। हम नेशनलिस्ट सिटीजन्स पार्टी में विलय करेंगे और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का समर्थन करेंगे। टीएमसी के वरिष्ठ नेता और लोकसभा सदस्य सुदीप बंदोपाध्याय ने कहा कि असंतुष्ट खेमे ने पहले ही नेशनलिस्ट सिटीजन्स पार्टी में अपना विलय कर लिया है, जिसे उन्होंने एक क्षेत्रीय दल बताया। बता दें कि 'नेशनलिस्ट सिटीजन्स पार्टी' त्रिपुरा की एक कम प्रसिद्ध पंजीकृत, लेकिन गैर-मान्यता प्राप्त पार्टी है। ममता बनर्जी के नेतृत्व वाले धड़े के दावों के बारे में पूछे जाने पर बंद्योपाध्याय ने कहा कि 'असली टीएमसी' कौन है, इसका फैसला अदालतें करेंगी। उन्होंने यह भी कहा कि वे पार्टी के चुनाव चिह्न 'दो फूल' (जोड़ा फूल) पर भी अपना दावा ठोकेंगे। बंद्योपाध्याय ने कहा कि अदालत बाद में फैसला करेगी कि असली टीएमसी कौन है। हमने लोकसभा अध्यक्ष से मुलाकात कर उनके समक्ष अपनी मांग रख दी है।

### मैं बागी गुट के साथ, ममता को सलाहकार की भूमिका सौंपी जानी चाहिए : सुदीप बंद्योपाध्याय

**कोलकाता/नयी दिल्ली :** तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद सुदीप बंद्योपाध्याय ने शुक्रवार को आधिकारिक तौर पर पार्टी के बागी गुट के प्रति अपनी निष्ठा जताई और पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को सलाहकार की भूमिका सौंपे जाने की वकालत की। बंद्योपाध्याय ने एक बांग्ला समाचार चैनल से बातचीत के दौरान कहा कि उन सांसदों और विधायकों के संपर्क करने के बाद उन्होंने बागी गुट का साथ देने का फैसला किया है, जो चाहते हैं कि ममता पार्टी संगठन के लिए मार्गदर्शक की भूमिका निभाएं। बंद्योपाध्याय ने कहा कि ज्यादातर सांसद और विधायक चाहते हैं कि पार्टी बनी रहे। यह उनकी पहल है। वे चाहते हैं कि ममता बनर्जी मुख्य सलाहकार बनी रहें और नेता जैसी भूमिका निभाती रहें। उनकी अपील ने मेरा दिल छू लिया। इसलिए, मैंने तय किया कि मैं उनके साथ जा सकता हूं। बागी गुट में शामिल होने के बावजूद बंद्योपाध्याय ने संकेत दिया कि उन्होंने अभी तक उस याचिका पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं, जिसे बागी विधायक लोकसभा अध्यक्ष को सौंपने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी से व्यक्तिगत रूप से मिलने के बाद ही ऐसा करना चाहते हैं। बंद्योपाध्याय ने कहा कि कल दोपहर तक शुभेंदु ने कहा था कि शायद वह न आ पाएं और मुझे दस्तखत कर देने चाहिए। मैंने उनसे कहा कि मैं तभी दस्तखत करूंगा, जब वह आएंगे।

# आज मुख्यमंत्री शुभेंदु कोलकाता में विशेष स्वच्छता अभियान की करेंगे शुरुआत

### केएमसी मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में तृणमूल पार्षदों व विधायकों को भी आमंत्रण



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी सोमवार को कोलकाता नगर निगम (केएमसी) के मुख्यालय का दौरा करेंगे और एक विशेष छह दिवसीय स्वच्छता अभियान 'वेलकम टू क्लीनलिनेस' की शुरुआत करेंगे। यह अभियान पूरे शहर में आयोजित किया जाएगा और अगले छह दिनों तक जारी रहेगा। मुख्यमंत्री यह अभियान केंद्रीय कोलकाता स्थित केएमसी मुख्यालय से शुरू करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि केएमसी मुख्यालय में तैयारियां जोरों पर हैं और वरिष्ठ अधिकारियों को अलग-अलग विभागों की स्थिति के बारे में अद्यतन जानकारी रखने के निर्देश दिए गए हैं, क्योंकि इस बात के संकेत हैं कि मुख्यमंत्री मॉनसून सीजन से पहले बारिश की स्थिति के मद्देनजर शहर की तैयारियों की समीक्षा कर सकते हैं। हालांकि, यह कार्यक्रम आधिकारिक तौर पर साफ-सफ़ाई और शहरी स्वच्छता पर केंद्रित है, लेकिन यह दौरा इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह ऐसे समय में हो रहा है जब कोलकाता का नागरिक प्रशासन एक दशक से ज्यादा समय में अपने सबसे बड़े बदलावों में से एक से गुजर रहा है। अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री अपने दौरे के दौरान केएमसी प्रशासक स्मिता पांडे और वरिष्ठ अधिकारियों से भी बातचीत कर सकते हैं। दूसरी तरफ, इस कार्यक्रम में महानगर के सभी नए-पुराने पार्षदों को बुलाया गया है, जिसमें तृणमूल, लेफ्ट, कांग्रेस और भाजपा शामिल है। शहर के सभी भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के विधायकों को भी बुलाया गया है। सूत्रों के मुताबिक, पूर्व मेयर फिरहाद हकीम, देबाशीष कुमार, असीम बसु समेत कई मेयर परषद इस कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। हालांकि, पता चला है कि फिरहाद हकीम के इस्तीफे के बाद दूसरा मेयर ढूंढने के लिए साइन अप करने वाले कुछ पार्षदों में से ज़्यादातर मुख्यमंत्री के इस प्रोग्राम में नहीं जा रहे हैं।

# आयुष मंत्रालय ने 'लाइव योग स्ट्रीम' पर सबसे ज्यादा दर्शक हासिल करने का विश्व रिकॉर्ड बनाया

**नयी दिल्ली :** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पहले एक बड़ी उपलब्धि के तहत आयुष मंत्रालय ने रविवार को यूट्यूब पर लाइव योग स्ट्रीम पर सबसे ज्यादा दर्शक हासिल करने का गिनीज विश्व रिकॉर्ड बनाया। मंत्रालय के यूट्यूब चैनल पर प्रसारित एक विशेष वैश्विक ऑनलाइन योग सत्र के दौरान 4,35,831 दर्शक उससे जुड़े। यह सत्र 21 जून के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए मंत्रालय की जनसंपर्क गतिविधियों के तहत आयोजित किया गया था। उसमें भारत और दुनियाभर के योग प्रेमियों, विद्यार्थियों, संस्थानों और पेशेवरों ने पूरे जोश के साथ हिस्सा लिया। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि 'कॉमन योग प्रोटोकॉल' सत्र का हिस्सा था।

# भारत का रूस से कच्चे तेल, अन्य ईंधन का आयात मई में बढ़कर 6.7 अरब डॉलर पर

**नयी दिल्ली :** भारत मई, 2026 में रूसी जीवाश्म ईंधन का दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा खरीदार बना रहा है। यूरोपीय शोध संस्थान सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर (सीआरईए) की रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय रिफाइनरियों द्वारा खरीद बढ़ाए जाने से रूस से कुल कच्चे तेल और अन्य ईंधन का आयात बढ़कर अनुमानित 5.8 अरब यूरो (करीब 6.7 अरब डॉलर) पर पहुंच गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, मई में रूस से भारत के कुल आयात में कच्चे तेल की हिस्सेदारी लगभग 83 प्रतिशत रही, जिसका मूल्य 4.8 अरब यूरो था। इसके अलावा तेल उत्पादों और कोयले का आयात क्रमशः 55 करोड़ यूरो और 42.9 करोड़ यूरो रहा। सीआरईए ने कहा कि मई में भारत के कुल कच्चे तेल आयात में मासिक आधार पर आठ प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जिसका एक प्रमुख कारण रूस से आयात में 21 प्रतिशत की बढ़ोतरी रहा।

# भारत अब सिर्फ वैश्विक समाधानों का उपभोक्ता नहीं, बल्कि प्रदाता भी है : फ्रांस में बोले मोदी



**नीस (फ्रांस) :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि भारत अब केवल वैश्विक समाधानों का उपभोक्ता नहीं, बल्कि उनका प्रमुख प्रदाता और साझेदार बनकर उभरा है। फ्रांस में आयोजित 'भारत नवाचार' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत ने साबित किया है कि नवाचार और समावेश एक-दूसरे के पूरक हैं। किसी भी तकनीक की वास्तविक सफलता उसके आर्थिक मूल्य में नहीं, बल्कि लोगों के जीवन पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभाव में निहित होती है।फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की उपस्थिति में मोदी ने कहा कि एक दशक पहले दुनिया भारत को तकनीक अपनाने वाले देश के रूप में देखती थी, लेकिन आज भारत तकनीक और नवाचार आधारित समाधान देने वाले राष्ट्र के रूप में पहचान बना रहा है। उन्होंने कहा कि भारत द्वारा विकसित समाधान मानवता के बड़े वर्ग को लाभ पहुंचा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने भरोसेमंद, समावेशी और मानव-केंद्रित प्रौद्योगिकी की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि भारत की प्राथमिकता 'मानवता के लिए प्रौद्योगिकी' और 'मानव-केंद्रित नवाचार' है। उन्होंने उच्च प्रौद्योगिकी, परमाणु ऊर्जा, रक्षा तथा नवउद्यम क्षेत्र में किए गए सुधारों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत की 'सुधार यात्रा' लगातार आगे बढ़ती रहेगी और देश में नवाचार तथा नवउद्यमों का विस्तार और तेज होगा। उन्होंने कहा कि बदलती वैश्विक परिस्थितियों के बीच मानवता के हित में उपयोगी प्रौद्योगिकी की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो गई है।

### भारत, फ्रांस ने अगले पांच वर्षों में व्यापार को दोगुना करने का निर्णय लिया

रविवार को हुई व्यापक वार्ता में 13 मुद्दों पर सहमति बनी, जिनमें नव-ाचार रूपरेखा, अगले पांच वर्षों में वार्षिक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने का लक्ष्य और एक संयुक्त कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) ढांचा शामिल हैं। दोनों पक्षों ने तीव्र गति रेलवे क्षेत्र में सहयोग के लिए एक घोषणा-पत्र और गोपनीय डेटा की सुरक्षा के लिए एक सुरक्षा समझौते को भी अंतिम रूप दिया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने भारत की 'यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस' (यूप-ीआई) प्रणाली का विस्तार पेरिस हवाई अड्डे और नीस तक करने पर भी सहमति व्यक्त की। दोनों नेताओं के बीच हुई बातचीत मुख्य रूप से तकनीक और नवाचार के क्षेत्र में संबंधों को मजबूत करने पर केंद्रित थी, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी ने वैज्ञानिक प्रगति के लिए मानव-केंद्रित दृष्टिकोण की आवश्यकता पर जोर दिया।

### रुपये में उतार-चढ़ाव के पीछे वैश्विक और घरेलू कारक जिम्मेदार: सीतारमण

**बेंगलुरु :** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को कहा कि अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में होने वाले उतार-चढ़ाव कई वैश्विक और घरेलू कारकों से प्रेरित होते हैं। इनमें भू-राजनीतिक अनिश्चितताएं, विदेशी पूंजी की आवाजाही और कच्चे तेल, उर्वरक तथा सोने पर भारत की आयात निर्भरता शामिल है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) रुपये की विनिमय दर को किसी निश्चित स्तर पर बनाए रखने के लिए नहीं, बल्कि बाजार में अत्यधिक उतार-चढ़ाव को नियंत्रित करने के लिए ही हस्तक्षेप करता है।

उचित मूल्य में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की नी-रिप्लेसमेंट सर्जरी

सलाह दे रहे हैं विख्यात ऑर्थेपेडिक एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन



DR. SANTOSH KUMAR
Consultant Orthopaedic & Joint Replacement Surgeon
Head, Institute of Computer Assisted
Joint Replacement Surgery, BELLE VUE CLINIC & WOODLANDS HOSPITAL

हमारे समाज में, विशेषकर व्यस्क व्यक्तियों के चलने-फिरने की समस्या का प्रमुख कारण है नी-आरथ्राइटिस। इस प्रकार की समस्याओं को प्राथमिक स्तर पर औषधियों और फिजियोथेरापी से ठीक करना मुमकिन तो है, पर समस्या जटिल होने पर **घुटने का प्रत्यारोपण या नी-रिप्लेसमेंट** ही एकमात्र निश्चित समाधान है।

मेरे तत्वावधान में नी-रिप्लेसमेंट पद्धति बिल्कुल पूर्वनिर्धारित (प्रेडिक्टेबल) है। सबसे पहले हम हर प्रकार के प्रिऑपरेटिव इन्वेस्टिगेशन करते हैं जैसे कि विभिन्न प्रकार के ब्लड टेस्ट, यूरिन टेस्ट, ईसीजी, इकोकार्डियोग्राफ इत्यादि। मेरे यहाँ रोगियों की सुरक्षा को सबसे अधिक प्राथमिकता दी जाती है। हमारे साथ हैं अनुभवी मेडिसिन चिकित्सक, कार्डियोलॉजिस्ट से सम्मिलित एक पूर्ण समर्पित टीम। सर्जरी के पहले, सर्जरी के दौरान और सर्जरी के बाद भी चिकित्सा से जुड़ी सभी जरूरतों का पूरा ख्या रखना ही हमारी टीम वर्क की सफलता सुनिश्चित करता है।

सम्पूर्ण उपयुक्त (प्रिसिशनल) सर्जरी और इसके बाद रोगी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के उद्देश्य से मैं कम्प्यूटर एसिस्टेड मिनिमली इनवेसिव सर्जरी करता हूँ। रोगी अपनी सम्पूर्ण चिकित्सा में एक दर्दरहित अनुभव का एहसास कर पाएं, मैं इसका पूरा ख्याल रहता हूँ। सर्जरी के बाद रोगी घुटने को मोड़ पाएं और जमीन पर बैठ पाएं, इसके लिए मैं 'Rotation Platform High Flexion Knees' का इस्तेमाल करता हूँ। सर्जरी के दूसरे दिन से ही रोगी चल-फिर सकते हैं और तीन दिनों में घर वापस जा सकते हैं। मैं हर श्रेणी और हर प्रकार की बीमा कराए व्यक्तियों की सर्जरी करता हूँ और वे सभी व्यक्ति जो किसी बीमा संस्था के दायरे में नहीं आते हैं, उनकी सर्जरी भी बहुत उचित मूल्य में करता हूँ। किसी रोगी की आर्थिक समस्या के बारे में पता चलने पर, मैं उसकी समस्या का भी समाधान करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहता हूँ।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:
DR. SANTOSH KUMAR KNEE FOUNDATION
Chamber : Plot No 332, Laketown Block A, Kolkata-700 089
✆ : 98319 11584 / 98312 66632
e-mail : santdr@gmail.com
www.mykneemylife.org
www.momentumorthocare.com



# अक्षम्य हैं भारतीय नाविकों का मारा जाना

खाड़ी में ईरान की नाकेबंदी की कवायद के दौरान अमेरिकी हमलों में तीन भारतीय नाविकों का मारा जाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। जिसको लेकर देश में गम व गुस्सा व्याप्त है। यूं तो कहा जाता रहा है कि भारत अमेरिका का रणनीतिक साझेदार है और क्वॉड जैसे संगठनों में भूमिका निभा रहा है, तो फिर लगातार भारत के हितों पर कुठाराघात क्यों किया जा रहा है? भले ही अमेरिका ईरान की तेल निर्यात से होने वाली आय रोकने व युद्ध समाप्त करने हेतु समझौते के लिये दबाव बनाने हेतु ये आक्रामक नीति अपना रहा हो। लेकिन जिन देशों का युद्ध से कोई लेना-देना नहीं है, उनके नागरिकों को क्यों निशाना बनाया जा रहा है? हाल में भारतीय चालक दल वाले तीन टैंकरों को अमेरिकी सेना द्वारा निशाना बनाया गया है। इसमें से, ओमान की खाड़ी में एक जहाज पर हुए हमले में भारतीय चालक दल के तीन सदस्य मारे गये हैं। जिससे भारत व अमेरिका के बीच कूटनीतिक तनाव बढ़ने की आशंका बढ़ गई है। वैसे औपचारिक विरोध दर्ज करते हुए भारत ने दिल्ली में एक अमेरिकी राजनयिक को तलब भी किया है। इसके बावजूद भारत के खिलाफ लगातार नकारात्मक रवैया दर्शाने वाले अमेरिका के खिलाफ सख्त स्टैंड लेने की मांग की जा रही है। इसके बावजूद कि भारत क्वॉड में अमेरिका का साझेदार है। विडंबना यह भी है कि जो सूत्रधार संगठन के जरिये समुद्री आवाजाही को स्वतंत्र बनाने की बात करता है, वही अमेरिका इसमें बाधक बना है। भले ही अमेरिका इन जहाजों के प्रतिबंधित होने की बात कहे, या जहाज भारतीय न हों, लेकिन उनमें चालक दल के सदस्य तो भारतीय थे। इसकी जानकारी स्वाभाविक रूप से अमेरिका के खुफिया तंत्र को जरूर रही होगी। अमेरिका को सार्वजनिक रूप से भारतीय नाविकों के मारे जाने पर खेद जताना चाहिए। निश्चय ही भारत के निकट के समुद्री क्षेत्र में अमेरिका का निरंकुश व्यवहार निंदनीय है। कूटनीतिज्ञ विशेषज्ञ कह रहे हैं कि भारत को इस मुद्दे को सख्ती से अमेरिका के सामने उठाना चाहिए था।

तमाम भारतीयों को इस मामले में विदेश मंत्रालय की प्रतिक्रिया उदार लगती है। सवाल पूछा जा रहा है कि यदि तीन अमेरिकी नागरिक मारे जाते तो क्या अमेरिका चुप बैठता? कहा जा रहा है कि भारत का कड़ा विरोध सामने न आने के कारण होर्मुज स्ट्रेट के पास पलाऊ के झंडे वाले टैंकर पर अमेरिकी हमले में तीन भारतीय के मारे जाने की घटना की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कम चर्चा हुई है। विडंबना है कि अमेरिकी सेना ने एक सप्ताह में भारतीय चालक दल वाले तीन टैंकरों को निशाना बनाया। हालांकि, सोमवार को हुए हवाई हमले के बाद ओमानी अधिकारियों ने 24 भारतीयों को सुरक्षित निकाल लिया था। दरअसल, ट्रंप प्रशासन की निरंकुशता के चलते ही अमेरिका रवैया वैश्विक व्यवस्था को चुनौती दे रहा है। आखिर अंतर्राष्ट्रीय जल क्षेत्र में कारोबारी जहाजों को निशाना बनाने का क्या औचित्य है? अमेरिका को यह अधिकार किसने दे दिया कि वह तटस्थ देशों के नागरिकों को निशाना बनाये? क्यों भारतीय नागरिक अमेरिका व ईरान के बीच जारी संघर्ष की कीमत चुकाएं? इस तरह का शक्ति प्रदर्शन संयुक्त राष्ट्र चार्टर का सीधा उल्लंघन है तथा स्वतंत्र नौवहन के मार्ग में बाधक है। भारतीयों का गुस्सा तब कम हो जाता यदि अमेरिका मरने वाले नाविकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त कर देता। सही मायने में अमेरिका भारत को अपने कारोबारी हितों के साधन के रूप में तो इस्तेमाल करना चाहता है, लेकिन भारतीय आत्मसम्मान व संप्रभुता का मान नहीं रखता। भारत को बदलती अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियों के अनुरूप ही अपनी कूटनीति का निर्धारण करना चाहिए। हमें दुनिया को बताना चाहिए कि भारत एक उभरता बाजार ही नहीं है, बल्कि सबसे बड़ी आबादी वाला दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र भी है। दुनिया को संदेश जाना चाहिए कि हम अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमाओं में अपने हितों की रक्षा करने में सक्षम हैं। अब चाहे सामने अमेरिका हो या चीन जैसे कोई अन्य देश। भले ही अंतर्राष्ट्रीय सीमा में कई जहाज भारत के स्वामित्व वाले न हों, लेकिन चालक दलों में शामिल भारतीय नागरिकों की सुरक्षा हर कीमत पर की जानी चाहिए।

# आंकड़ों से आपूर्ति तक: आईसीएमआर बेहतर भविष्य के लिए भारत के स्वास्थ्य अनुसंधान को नए सिरे से आकार दे रहा है



डॉ. राजीव बहल

**एक सदी की मौन क्रांति, एक दशक का जरूरी सुधार और विकसित भारत 2047 का रोडमैप**

**प्रभाव अकेले किसी व्यक्ति से नहीं – बल्कि प्रणालियों के तालमेल से संभव होता है। साथ मिलकर, हम आंकड़ों से निर्णय और फिर प्रभाव छोड़ने तक की यात्रा पूरी करेंगे।**

अब जबकि देश 'विकसित भारत 2047' के सपने को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, हमारे सामने सवाल सिर्फ बीमारियों का इलाज करने के तरीकों का नहीं, बल्कि भविष्य की जरूरतों का अनुमान लगा लेने वाली एक ऐसी स्वास्थ्य प्रणाली के निर्माण का भी है जो सबके लिए न्यायसंगत और नई सोच पर आधारित हो। इस बदलाव के केन्द्र में स्वास्थ्य अनुसंधान का एक ऐसा नया दृष्टिकोण है, जो आंकड़ों (डेटा) को निर्णयों से और फिर निर्णयों को प्रभाव से जोड़ता है।

कोविड-19 महामारी से मिले कठोर अनुभवों से सीख लेते हुए, जैव-चिकित्सा अनुसंधान (बायोमेडिकल रिसर्च) की देश की शीर्ष संस्था, इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) ने भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए कई सुधार किए हैं। इन सुधारों में संस्थागत ढांचे को नए सिरे से तैयार करने से लेकर अनुसंधान के लिए फंड देने और उसे असरदार नतीजों में बदलने के तरीकों को ठोस बनाना शामिल है। जो प्रणाली कभी बिखरी हुई और जांचकर्ताओं की पूछताछ पर टिकी थी, वह अब तकनीक द्वारा संचालित और लक्ष्यों पर केन्द्रित एक इकोसिस्टम में बदल रही है। यह बदलाव महज प्रशासनिक नहीं, बल्कि दार्शनिक भी है। यह राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप, संस्थान-आधारित समन्वित अनुसंधान की दिशा में एक ऐसी सोची-समझी पहल को दर्शाता है, जहां विज्ञान का उद्देश्य सिर्फ ज्ञान का सृजन करना नहीं बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य की गंभीर चुनौतियों का समाधान करना भी है।

इस बदलाव का एक मुख्य आधार आईसीएमआर के संस्थागत ढांचे का पुनर्गठन है। हालिया सुधारों ने कई संस्थानों के दायित्वों को बढ़ाया है और उन्हें सीमित दायरे वाली इकाइयों के बजाय अंतर-विषयक केन्द्रों के रूप में नई पहचान दी है। डिजिटल हेल्थ एवं डेटा साइंस, बच्चों की सेहत, महिलाओं की सेहत, और खून व प्रतिरक्षा प्रणाली से जुड़ी बीमारियों जैसे क्षेत्रों की ओर संस्थानों का झुकाव, भारत में बीमारियों के बदलते स्वरूप और तकनीकी क्षमताओं को दर्शाता है। देश भर में – पूर्वोत्तर के डिब्रूगढ़ से लेकर पश्चिम के जोधपुर तक – क्षेत्रीय 'नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ रिसर्च' के नेटवर्क का निर्माण एक और अहम कदम है। ये संस्थान राज्य और जिला स्तर की स्वास्थ्य प्रणालियों के साथ मिलकर संक्रियात्मक अनुसंधान (ऑपरेशनल रिसर्च) करेंगे, ताकि जरूरी अनुसंधान और उसके नतीजों का जमीनी स्तर पर सदुपयोग सुनिश्चित किया जा सके। ये कोई मामूली बदलाव नहीं हैं, बल्कि भविष्य की जरूरतों के अनुरूप तैयार विज्ञान की दिशा में एक ऐसे रणनीतिक बदलाव का संकेत हैं जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, जीनोमिक्स और रियल-टाइम डेटा सिस्टम सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़े निर्णयों में अहम भूमिका निभाते हैं।

अलग-थलग रहकर काम करने के तरीके से हटकर एक आपस में जुड़े हुए राष्ट्रीय अनुसंधान इकोसिस्टम की दिशा में बढ़ना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। अब संस्थानों को ऐसे रिसोर्स सेंटरों के तौर पर देखा जा रहा है जो एक साझा राष्ट्रीय मिशन में योगदान दें और किसी एक स्थान पर मिले साक्ष्यों का उपयोग पूरे देश में कार्रवाई के लिए किया जाना सुनिश्चित करें। प्रणालीगत-स्तर की यह सोच एक ऐसे दौर में बेहद जरूरी है जब स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियां – चाहे वे रोगाणुरोधी प्रतिरोध (एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस) या महामारी या फिर गैर-संचारी रोगों से जुड़ी हों – जटिल और आपस में जुड़ी हुई हैं। संस्थागत सुधारों के साथ-साथ, अनुसंधान से संबंधित फंडिंग इकोसिस्टम को बुनियादी तौर पर फिर से तैयार करना भी जरूरी है। फंडिंग के तरीके की दृष्टि से, आंतरिक (इंट्रा-म्यूरल) और बाह्य (एक्स्ट्रा-म्यूरल) अनुसंधान के बीच का विभाजन बिल्कुल साफ है। लेकिन साथ ही, उन्हें एक अपेक्षाकृत अधिक एकजुट और नतीजे पर केन्द्रित ढांचे के जरिए जोड़ा जाता है। आंतरिक अनुसंधान (इंट्राम्यूरल रिसर्च) अब मुख्य रूप से संस्थान की पहल पर की जाती है। यह स्पष्ट रूप से तय लक्ष्यों के अनुरूप होती है और अनुसंधान के नतीजों को असल इस्तेमाल में लाने की प्रक्रिया को तेज करने के लिए इसे एक तय समय-सीमा के भीतर व्यवस्थित किया जाता है। दूसरी ओर, बाह्य अनुसंधान (एक्स्ट्रा-म्यूरल रिसर्च) को चार चरणों वाले नवाचार चक्र – विवरण, खोज, विकास और आपूर्ति – में फिर से व्यवस्थित किया गया है। इससे अच्छे विचारों को व्यवस्थित तरीके से ऐसे समाधानों में बदला जाना सुनिश्चित होता है, जिन्हें बड़े पैमाने पर लागू किया जा सके।

प्रयोगशाला में की गई खोज से लेकर आम लोगों तक सेवा पहुंचाने तक की यह समन्वित प्रक्रिया, परियोजनाओं को फंड देने के बजाय समाधान तैयार करने की दिशा में एक अहम बदलाव है। इसे 'नेशनल हेल्थ रिसर्च प्रोग्राम' (एनएचआरपी) से और मजबूती मिलती है।

स कार्यक्रम ने रोगाणुरोधी प्रतिरोध (एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस) एवं क्षय रोग से लेकर मानसिक स्वास्थ्य, पोषण और आपातकालीन देखभाल (इमरजेंसी केयर) जैसे तेरह प्राथमिकता वाले क्षेत्रों की पहचान की है। मिशन-मोड वाले ये कार्यक्रम वैसे विविध संस्थानों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बनाए गए हैं, जिन्हें बड़े निवेश और असल नतीजों पर साफ फोकस का समर्थन हासिल है।

तकनीक भी परिवर्तनकारी भूमिका निभा रही है। डायग्नोस्टिक्स, निगरानी और कार्यक्रम को लागू करने की प्रक्रिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को शामिल करने से शहरी और ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं के बीच लंबे समय से चली आ रही खाई को पाटने में मदद मिल रही है। जहां क्षय रोग (टीबी) और डायबिटिक रेटिनोपैथी की जांच में एआई-आधारित उपकरण पहले से ही अग्रिम पंक्ति के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की मदद कर रहे हैं, वहीं एआई-संचालित पोषण संबंधी निगरानी (न्यूट्रिशनल मॉनिटरिंग) जैसे रचनात्मक कदम बड़े पैमाने पर कार्यक्रम के कार्यान्वयन को बेहतर बना रहे हैं। टीके (वैक्सीन) पहुंचाने से शुरू हुई और अब कॉर्निया जैसी जरूरी चिकित्सीय आपूर्ति सुनिश्चित करने की विस्तारित भूमिका निभाने वाली 'आई-ड्रोन' पहल, इस बात को दर्शाती है कि कैसे आधुनिक तकनीक भौगोलिक बाधाओं को पार करके समुदायों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचा सकती है। विज्ञान के मोर्चे पर, चिकित्सा तकनीक (मेडटेक) के दायरे में हो रही प्रगति – जिसमें चिकित्सीय उपकरणों एवं डायग्नोस्टिक्स से लेकर अगली पीढ़ी के टीके और इलाज के तरीके शामिल हैं – मरीजों पर केन्द्रित और अधिक सटीक इलाज को संभव बना रही है। इसके साथ ही, नए एवं साक्ष्यों पर आधारित मॉडलों के जरिए पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों को शामिल करने की प्रक्रिया को दुनिया भर में पहचान मिल रही है। स्थानीय स्तर पर रचनात्मकता को बढ़ावा देने के कदमों से इन प्रयासों को और मजबूती मिल रही है। 'फर्स्ट इन द वर्ल्ड चैलेंज' जैसी योजनाओं के साथ-साथ 'मेडटेक-मित्र' और 'मेडिकल इनोवेशन-पेटेंट मित्र' जैसे प्लेटफॉर्म, अनुसंधान से लेकर व्यावसायीकरण तक की यात्रा को गति दे रहे हैं। इससे सरकारी फंडिंग से होने वाली वैज्ञानिक प्रगति का लोगों के लिए सस्ती एवं आसानी से उपलब्ध होने वाली तकनीक में बदल जाना सुनिश्चित हो रहा है।

हालांकि, इन सुधारों की असली परख जन-स्वास्थ्य पर इनके प्रभाव से होती है। 'इंडिया हाइपरटेंशन कंट्रोल इनिशिएटिव' जैसी पहलों ने यह दिखाया है कि साक्ष्यों पर आधारित रणनीतियां कैसे बड़े पैमाने पर पुरानी बीमारियों के प्रबंधन में बदलाव ला सकती हैं। आपातकालीन देखभाल (इमरजेंसी केयर) के क्षेत्र में मिशन-मोड प्रोग्राम, जिनमें मोबाइल स्ट्रोक यूनिट और तेजी से काम करने वाले कार्डियक रिस्पॉन्स सिस्टम शामिल हैं, जानलेवा स्थितियों में इलाज के नतीजों को नए सिरे से परिभाषित कर रहे हैं। डायग्नोस्टिक नेटवर्क का विस्तार और स्वदेशी तकनीकें, कैंसर से लेकर संक्रामक बीमारियों के प्रकोप तक की विभिन्न बीमारियों का शीघ्र पता लगाने और उनके इलाज की प्रक्रिया को बेहतर बना रही हैं। ये कोशिशें 'राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017' के अनुरूप हैं, जो बीमारी से बचाव और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने, सभी के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने और अच्छी गुणवत्ता वाली देखभाल पर जोर देती हैं। ये समानता के प्रति एक व्यापक प्रतिबद्धता को भी दर्शाती हैं ताकि वैज्ञानिक प्रगति का लाभ इलाके या सामाजिक-आर्थिक स्थिति के बंधनों से परे हर नागरिक तक पहुंचे। भविष्य की ओर देखते हुए, हमारा दृष्टिकोण बिल्कुल स्पष्ट है। आईसीएमआर एक उत्प्रेरक के तौर पर काम करना जारी रखेगा और एक मजबूत व तेजी से सक्रिय होना वाला स्वास्थ्य इकोसिस्टम बनाने हेतु अनुसंधानकर्ताओं, डॉक्टरों, नीति-निर्माताओं और उद्योग जगत को एक मंच पर लाएगा। वर्ष 2047 का रोडमैप डिजिटल हेल्थ, बायो-मैन्यूफैक्चरिंग और सतत विकास (सस्टेनेबल डेवलपमेंट) के क्षेत्र में हुई प्रगति से तय होगा, जिसमें क्षमता विकास और वैश्विक सहयोग पर खास जोर दिया जाएगा।

यह समझना जरूरी है कि स्वास्थ्य अनुसंधान कोई अलग-थलग रहकर किया जाने वाला काम नहीं, बल्कि यह एक सामूहिक राष्ट्रीय प्रयास है। आईसीएमआर में हो रहा बदलाव सभी हितधारकों को इस यात्रा में शामिल होने, मिलकर समाधान तैयार करने और यह सुनिश्चित करने का एक न्योता है कि विज्ञान सबसे सार्थक तरीके से समाज की सेवा करे। स्वास्थ्य अनुसंधान प्रणाली में सुधार अपने आप में कोई अंतिम लक्ष्य नहीं है। यह वह नींव है जिस पर एक स्वस्थ, अधिक न्यायसंगत और अधिक सुदृढ़ भारत का निर्माण होगा – एक ऐसा भारत जहां हर खोज का लाभ लोगों तक पहुंचेगा और हर नए कदम का प्रभाव वास्तव में दिखाई देगा।

(लेखक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग के सचिव और भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के महानिदेशक हैं)

## विदेश

# फ्रांस में मोदी और मैक्रों ने नवोन्मेषकों, शोधकर्ताओं और उद्यमियों से बातचीत की




नीस (फ्रांस) : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने रविवार को नीस में 'भारत इनोवेट्स 2026' कार्यक्रम का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया, जो भारत की डीप-टेक क्षमताओं को प्रदर्शित करता है। दोनों नेता स्टार्टअप प्रदर्शनी देखने पहुंचे और नवोन्मेषकों, शोधकर्ताओं तथा उद्यमियों से बातचीत की। 'भारत इनोवेट्स 2026' भारतीय डीप-टेक स्टार्टअप, नवोन्मेषकों, शोधकर्ताओं और निवेशकों को वैश्विक नवाचार फंड और 'वेंचर कैपिटल फर्म' के साथ एक मंच पर लाता है। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, 'भारत इनोवेट्स 2026' में 13 अहम प्रौद्योगिकी क्षेत्र के 120 बेहतरीन स्टार्टअप और 20 से ज्यादा बेहतरीन संस्थानों के अलावा दुनियाभर से 350 से ज्यादा निवेशक और 'वेंचर कैपिटलिस्ट' हिस्सा ले रहे हैं। 'वेंचर कैपिटल फर्म' से आशय ऐसी निवेश कंपनियों से है, जो उच्च विकास क्षमता वाले स्टार्टअप और शुरुआती चरण के व्यवसायों में पूंजी लगाती हैं। वहीं, 'वेंचर कैपिटलिस्ट' उन निजी निवेशकों को कहते हैं, उच्च विकास क्षमता वाले स्टार्टअप और शुरुआती चरण के व्यवसायों में पूंजी निवेश करते हैं। मोदी और मैक्रों ने स्टार्टअप प्रदर्शनी का दौरा किया और क्वांटम कंप्यूटिंग, सेमीकंडक्टर, बायोटेक्नोलॉजी, रक्षा, अंतरिक्ष, स्वास्थ्य देखभाल, चिकित्सा प्रौद्योगिकी, एडवांस्ड मटीरियल और स्वच्छ ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में काम कर रहे स्टार्टअप और नवोन्मेषकों से बातचीत की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि दोनों नेताओं ने भारत के युवा नवोन्मेषकों, स्टार्टअप संस्थापकों और शोधकर्ताओं से बातचीत की। उन्होंने कहा कि इनक्यूबेटर और स्टार्टअप भविष्य के विकास इंजन होंगे, जो नौकरियां और समृद्धि पैदा करेंगे तथा ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूत करेंगे। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि 'भारत इनोवेट्स 2026' में हुई बातचीत काफी समृद्ध और ज्ञानवर्धक रही। उन्होंने नवाचार, प्रौद्योगिकी, विनिर्माण और उभरते हुए क्षेत्रों में भारत में मौजूद मौकों पर चर्चा करने के लिए निवेशकों और वेंचर कैपिटलिस्ट से मुलाकात की।

### प्रधानमंत्री मोदी और मैक्रों ने फ्रांसीसी कलाकारों की कलाकृतियों का अवलोकन किया



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने रविवार को दो फ्रांसीसी कलाकारों की कलाकृतियों का अवलोकन किया। इन कलाकारों ने जयपुर में आयोजित एक 'आर्ट रेजिडेंसी' कार्यक्रम में हिस्सा लिया था और भारतीय संस्कृति से प्रभावित होकर अपनी कलाकृतियां तैयार की थीं। जी7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए फ्रांस गए मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों के साथ मिलकर थिबो डे ला लांस और थियोफिल डे बाशेर से मुलाकात की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि इन कलाकारों ने पहली बार भारत का दौरा किया था और भारतीय सौंदर्यबोध तथा संस्कृति से प्रभावित हुए और उन्होंने इन तत्वों को अपनी कलात्मक रचनाओं में शामिल किया।

# ओमान तट के निकट भारतीय ध्वज वाले जहाज के डूबने के बाद चालक दल के 14 सदस्यों को बचाया गया

**दुबई/नयी दिल्ली :** ओमान के तट के निकट यांत्रिक खराबी के कारण भारतीय ध्वज वाले एक जहाज के डूब जाने की घटना हुई, और रविवार को चालक दल के सभी 14 सदस्यों को बचा लिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। ओमान स्थित भारतीय दूतावास ने कहा कि बचाये गये चालक दल के सभी 14 सदस्य सुरक्षित हैं और उनका स्वास्थ्य ठीक है। उसने बताया कि उन्हें एक जहाज पर स्थानांतरित कर दिया गया है, जो मुंबई की ओर जा रहा है। मुंबई जा रहा यह जहाज, 'एमवी जबल अली' एक मालवाहक जहाज बताया जा रहा है। मिशन ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''भारतीय ध्वज वाले 'एमएसवी विराट 1' से संबंधित बचाव अभियान सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। चालक दल के सभी 14 सदस्यों को बचा लिया गया है और वे वर्तमान में 'जबल अली 9' जहाज पर सवार हैं, जो मुंबई की ओर जा रहा है। चालक दल के सभी सदस्य सुरक्षित हैं और उनका स्वास्थ्य ठीक है।'' आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि यह जहाज ''यांत्रिक खराबी'' के कारण डूब गया। इससे पहले मस्कट स्थित भारतीय दूतावास ने रविवार को कहा था, ''यह सामने आया है कि जहाज के इंजन में खराबी आ गई है और चालक दल को अंततः सुरक्षित रूप से 'लाइफ राफ्ट' में पहुंचाया गया है। ओमान के अधिकारियों के सहयोग से बचाव अभियान जारी है तथा उसमें आसपास मौजूद जहाज सहायता पहुंचा रहे हैं।'' खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच यह घटना हुई है। पिछले सप्ताह ओमान के तट पर तब तनाव की स्थिति देखने को मिली थी, जब क्षेत्र में भारतीय चालक दल के सदस्यों वाले तीन जहाज अमेरिकी हमले की चपेट में आ गये। इनमें से एक में सवार तीन नाविकों की मौत हो गई थी।

## इजराइल-हमास युद्ध में जान गंवाने वाले लोगों की संख्या 73 हजार से अधिक हुई : अधिकारी दीर

**अल-बलाह :** इजराइल और हमास के बीच युद्ध में जान गंवाने वाले फलस्तीनियों की संख्या 73 हजार के पार हो गई है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पिछले साल अक्टूबर में युद्ध-विराम समझौता लागू होने के बाद भी इजराइल ने गाजा पट्टी में हमले जारी रखे हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के रिकॉर्ड विभाग के प्रमुख जाहिर अल-वहीदी और जनसंपर्क विभाग से जुड़े हमजा सलेम ने की पुष्टि की कि इजराइल-हमास युद्ध में मरने वाले फलस्तीनियों की संख्या बढ़कर 73,001 हो गई है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 15 जून, सोमवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2083, आषाढ़ (अधिक) कृष्णपक्ष अमावस्या, 08:24 तक, नक्षत्र : मृगशीर्षा, 19:08 तक, योग : शुला, 08:53 तक, सूर्योदय: 04:51, सूर्यास्त: 18:22, चन्द्रोदय : 05:16, चन्द्रास्त: 19:32, शक सम्वतः 1948 पराभव, सूर्य राशि : वृषभ, चन्द्र राशि : वृषभ, राहू काल : 07:14 से 08:54

## राशिफल

**मेष :** आज हर कदम सोच-समझकर बढ़ाने की जरूरत है, खासकर कारोबार और पैसों से जुड़े मामलों में। जल्दबाजी में लिया गया फैसला बाद में पछतावा दे सकता है।

**वृष :** आज मेहनत का फल मिलने से मन संतुष्ट रहेगा और आर्थिक स्थिति भी मजबूत महसूस होगी। घर में पूजा-पाठ या धार्मिक माहौल बनाने का मन हो सकता है।

**मिथुन :** अपनी निजी बातें हर किसी से साझा करने से बचें। आपके विचार और सुझाव लोगों को प्रभावित करेंगे, लेकिन हर मुस्कुराने वाला व्यक्ति आपका शुभचिंतक हो, यह जरूरी नहीं।

**कर्क :** आज दूसरों की मदद और अच्छे व्यवहार से समाज में आपकी पहचान मजबूत होगी। लंबे समय से रुकी चीजें धीरे-धीरे आगे बढ़ती नजर आएंगी।

**सिंह :** आज का दिन ऊर्जा और उत्साह से भरा रहेगा। कार्यक्षेत्र में कुछ नया करने का विचार मन में आएगा और यही बदलाव आगे सफलता का कारण बन सकते हैं।

**कन्या :** आज मेहनत और लगन आपका सबसे बड़ा सहारा बनेगी और अच्छे परिणाम भी दिलाएगी। जरूरतों और आराम की चीजों पर खर्च बढ़ सकता है, लेकिन इससे मन को संतोष मिलेगा।

**तुला :** आज प्रगति और समृद्धि के अच्छे संकेत मिल रहे हैं। धन और सुविधाओं में बढ़ोतरी से मन खुश रहेगा। प्रभावशाली लोगों से मुलाकात भविष्य के लिए नए रास्ते खोल सकती है।

**वृश्चिक :** आज धैर्य और समझदारी से काम लेना बेहद जरूरी होगा, क्योंकि जल्दबाज़ी नुकसान करा सकती है। आपका आत्मविश्वास और प्रभाव दोनों बढ़ेंगे।

**धनु :** आज समझदारी और संतुलन के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है। व्यापार में फंसा हुआ पैसा वापस मिलने की संभावना है, जिससे राहत महसूस होगी।

**मकर :** आज धैर्य और शांति बनाए रखना आपके लिए सबसे ज्यादा जरूरी रहेगा। जीवनसाथी का सहयोग भावनात्मक मजबूती देगा। वाहन चलाते समय विशेष सावधानी रखें।

**कुम्भ :** आज लाभ के कई अवसर सामने आ सकते हैं, लेकिन जल्दबाज़ी से बचना जरूरी होगा। नौकरी या रोजगार की तलाश कर रहे लोगों को अच्छी खबर मिल सकती है।

**मीन :** आज कुछ चुनौतियां सामने आ सकती हैं, लेकिन आपकी आस्था और सकारात्मक सोच आपको संभाल लेगी। धार्मिक और आध्यात्मिक कार्यों में मन लगेगा, जिससे मानसिक शांति मिलेगी।

## वर्ग पहेली नं. 3470

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | ■ | 3 | | 4 | | 5 |
| | ■ | 6 | 7 | | | ■ | | ■ | |
| | ■ | ■ | | ■ | 8 | | | 9 | |
| 10 | 11 | | | ■ | | ■ | ■ | | ■ |
| ■ | | ■ | ■ | 12 | | 13 | 14 | ■ | 15 |
| 16 | | | 17 | | ■ | 18 | | | |
| 19 | | ■ | | ■ | 20 | | | ■ | |
| | ■ | 21 | | ■ | | ■ | ■ | 22 | |
| 23 | | ■ | 24 | | | ■ | 25 | | |

*ऊपर से नीचे:-* 1) हश्र, 2) कश; शक्ति, 3) अंत:पुर, 4) बुरक़ा, 5) प्रथा, 7) एक तिकोना पकवान, 9) न तू न मैं, 11) करुणा-जनक, 12) आमदनी, 13) ख़्वाहिश, 14) कमल, 15) गर्व, 16) अपंग, 17) टाँगना, 20) विचित्र, 22) लकड़ी चीरने का दाँतेदार औज़ार.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*बायें से दायें:-* 1) प्रिय; मनभावन, 3) निरुत्तर, 6) रगड़ना, 8) खुशकिस्मत, 10) इसलामी धार्मिक पाठशाला, 12) बहानेबाज़ी, 16) यतीमख़ाना, 18) जीर्णोद्धार, 19) पवित्र, 20) धान्य, 21) ढोल, 22) दुख से कराहने का शब्द, 23) संसार, 24) दुर्लभ; बढ़िया, 25) विशाल.

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ध | न्य | वा | द | ■ | द | र्द | ना | क | ■ |
| म | ■ | ह | ल | च | ल | ■ | ■ | च | र्चा |
| का | म | ■ | बा | ■ | द | फ़ | ना | ना | ■ |
| ना | श | ■ | द | ख़ | ल | ■ | म | र | ना |
| ■ | वि | र | ल | ■ | ■ | स | र्द | ■ | ■ |
| नि | रा | ■ | ■ | बे | ना | मी | ■ | ■ | मु |
| र्वा | ■ | स | ला | ख़ | ■ | क | म | ज़ो | र |
| च | म | ड़ा | ■ | ट | ■ | र | स | ■ | मु |
| न | ग्न | ■ | ■ | क | रु | ण | ■ | चा | रा |

Mob. No. 08329510310

## सुडोकू-पहेली-3428

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | | 4 | | |
| | 4 | | | 1 | | 9 | 5 | |
| | | | | | 3 | | | |
| | | | 3 | | | 8 | | 5 |
| | | | | | 6 | 2 | | |
| 7 | | | | 5 | | | | |
| | 2 | | 9 | 8 | | | | 6 |
| | 7 | 9 | 1 | | 2 | | | 3 |
| | | 8 | | | | | | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 3427 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 8 | 5 | 4 | 9 | 3 | 2 | 1 |
| 3 | 5 | 2 | 1 | 7 | 6 | 4 | 8 | 9 |
| 9 | 4 | 1 | 3 | 8 | 2 | 6 | 5 | 7 |
| 2 | 9 | 3 | 8 | 1 | 4 | 5 | 7 | 6 |
| 5 | 1 | 6 | 7 | 2 | 3 | 9 | 4 | 8 |
| 7 | 8 | 4 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 | 3 |
| 1 | 6 | 5 | 2 | 3 | 8 | 7 | 9 | 4 |
| 4 | 2 | 7 | 9 | 6 | 1 | 8 | 3 | 5 |
| 8 | 3 | 9 | 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 2 |

# अब से दीघा में पर्यटकों को नहीं देना होगा अतिरिक्त 10 रुपये : शुभेंदु अधिकारी

**❑ मुख्यमंत्री ने दीघा-शंकरपुर डेवलपमेंट बोर्ड की बैठक के बाद की घोषणा**



**पूर्व मेदिनीपुर :** दीघा जाने वाले पर्यटकों के लिए अच्छी खबर है। अब से दीघा जाने पर पर्यटकों को 10 रुपये अतिरिक्त नहीं देना होगा। मुख्यमंत्री ने एक जुलाई से इसे वापस लेने का आदेश दिया है। रविवार को मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने दीघा-शंकरपुर डेवलपमेंट बोर्ड की बैठक के बाद यह बात कही। उन्होंने कहा कि होटल बिल के साथ 10 रुपये मांग कर लिया जाता है। इससे 30 लाख रुपये बनता है। यहां पर्यटकों की संख्या 30 लाख से ज़्यादा होगी। हिसाब लगाएंगे तो यह बहुत ज़्यादा पैसा होगा। वहां टैक्स चोरी हो रही है। जो पर्यटकों डिक्लेयर्ड इनकम टैक्स और जीएसटी दे रहे हैं, उनसे 10 रुपये लेना बहुत गलत है। इसलिए इसे वापस लिया जा रहा है। इसके साथ ही बैठक में दीघा समेत कोस्टल पर्यटन के विकास के लिए कई फैसले लिए गए। बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने शिकायत की कि पिछली सरकार के दौरान पिछले 2 सालों में दीघा का विकास नहीं हुआ। राज्य का एक महत्वपूर्ण पर्यटक केंद्र होने के बावजूद, सड़कें, चिकित्सा सेवा खराब हो गई हैं और पर्यटकों की सुरक्षा बिगड़ गई है। दीघा अस्पताल में न्यूनतम सेवा नहीं हैं, आईसीयू बेड नहीं है। पर्यटक केंद्र अस्पताल में ट्रॉमा एम्बुलेंस समेत जो कुछ भी जरूरी है, वह सब किया जाएगा। कांथी शौला से पेटुआघाट को डेवलपमेंट बोर्ड के दायरे में लाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि यह कोई मरीन ड्राइव नहीं है। चेन्नई और मुंबई जैसा मरीन ड्राइव बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव को यह भी आदेश दिया कि इस बार दीघा में रथ यात्रा कैसे होगी, इसके लिए सही इंतज़ाम करें।

## चुनाव के बाद भी स्कूलों में तैनात केंद्रीय बलों को दूसरी जगहों पर भेजें जिलाधिकारी : बंगाल सरकार

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य सरकार ने सभी जिलाधिकारियों से कहा है कि वे विधानसभा चुनाव के बाद भी स्कूलों में तैनात केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के जवानों को तुरंत दूसरी जगह भेजें, ताकि शिक्षण संस्थानों में कामकाज सामान्य रूप से संचालित हो सके। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। स्कूल शिक्षा विभाग ने जिलाधिकारियों और कोलकाता के पुलिस आयुक्त को भेजे गए पत्र में कहा है कि गर्मी की छुट्टियों के बाद एक जून से कक्षाएं फिर से शुरू हो गई हैं और अब स्कूलों को चुनाव ड्यूटी के लिए तैनात केंद्रीय बलों के नियंत्रण में बनाए रखने का कोई औचित्य नहीं है। स्कूल शिक्षा विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि चुनाव



प्रक्रिया खत्म होने के बावजूद राज्यभर के लगभग 165 स्कूलों में सीएपीएफ के जवान तैनात हैं। अधिकारी के मुताबिक, स्कूल की इमारतों में सुरक्षाबलों की लगातार मौजूदगी से सामान्य शिक्षण और अध्ययन गतिविधियों पर असर पड़ रहा है। अधिकारी ने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों को सामान्य रूप से काम करने की अनुमति दी जानी चाहिए। जिला प्रशासन को निर्देश दिया गया है कि वे सीएपीएफ के लिए गैर-शैक्षणिक सरकारी इमारतों में वैकल्पिक व्यवस्था करें और यह सुनिश्चित करें कि स्कूल परिसर को बिना किसी देरी के खाली करा लिया जाए। अधिकारी ने बताया कि कई स्कूलों के शिक्षकों ने शिकायत की थी कि कक्षाएं उपलब्ध नहीं थीं, जिससे उन्हें गलियारे, बालकनी और दूसरी अस्थायी जगहों पर बच्चों को पढ़ाना पड़ा। अधिकारियों के अनुसार, बंगाल सरकार के अनुरोध पर मुख्य रूप से चुनाव के बाद कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए राज्यभर में सीएपीएफ की 500 कंपनियां यानी 50,000 से 75,000 जवान अब भी तैनात हैं। उन्होंने बताया कि इन जवानों के 20 जून तक राज्य में रहने की योजना है।

# जाली हस्ताक्षर मामला : सीआईडी अधिकारियों ने अभिषेक बनर्जी और कुणाल घोष से की पूछताछ





**❑ अभिषेक से साढ़े 8 घंटे तो कुणाल घोष से साढ़े तीन घंटे चली पूछताछ**

**❑ कुणाल घोष बोले... 'आमने-सामने बैठाकर की गयी पूछताछ'**

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा में विपक्ष के नेता की नियुक्ति के लिए विधायकों के हस्ताक्षरों की कथित जालसाजी के मामले में अपराध अन्वेषण विभाग (सीआईडी) ने रविवार को तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी और विधायक कुणाल घोष से घंटों पूछताछ की। बता दें कि इस दिन, अभिषेक बनर्जी दूसरे दौर की पूछताछ के लिए यहां सीआईडी मुख्यालय पहुंचे थे। सीआईडी कार्यालय से बाहर निकलने के बाद बेलघाटा के विधायक घोष ने दावा किया कि पूछताछ के दौरान उन्हें और बनर्जी को आमने-सामने बैठाया गया था। सीआईडी कार्यालय में लगभग चार घंटे तक चली पूछताछ के बाद घोष ने पत्रकारों से कहा कि मैंने उनके सभी सवालों के जवाब दिए हैं। मैंने उनकी जांच में सहयोग किया है। हालांकि, अभिषेक बनर्जी से पूछताछ साढ़े आठ घंटे से ज़्यादा समय तक चली। सूत्र के अनुसार, सीआईडी अधिकारियों ने पहले बनर्जी और घोष, दोनों से अलग-अलग पूछताछ की और फिर उन्हें आमने-सामने बैठाया। एक अधिकारी ने कहा कि पूछताछ के सत्र का रिकॉर्ड रखा गया है। जिस दिन (19 मई को) बैठक हुई थी, उस दिन से जुड़े सवाल पूछे गए थे। बैठक में कौन-कौन मौजूद था और प्रस्ताव पर किसने हस्ताक्षर किए, इस बारे में भी सवाल पूछे गए। अधिकारियों के अनुसार, पिछले सप्ताह पूछताछ के दौरान डायमंड हार्बर के सांसद अभिषेक बनर्जी द्वारा दिए गए जवाबों से जांच अधिकारी पूरी तरह संतुष्ट नहीं थे, इसलिए उन्हें आज दोबारा पूछताछ के लिए बुलाया गया। उन्होंने कहा कि बनर्जी से उस बैठक के बारे में पूछा गया जहां 'प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किये गये थे।

### शिक्षक भर्ती घोटाला : ईडी ने अभिषेक बनर्जी को आज पूछताछ के लिए बुलाया

**प्राथमिक शिक्षक भर्ती घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने तृणमूल कांग्रेस नेता और सांसद अभिषेक बनर्जी को सोमवार को कोलकाता स्थित अपने जोनल कार्यालय में पेश होने के लिए समन जारी किया है। यह मामला प्राथमिक शिक्षकों की भर्ती में कथित अनियमितताओं और भ्रष्टाचार से जुड़ा है।**

### अभिषेक बनर्जी ने लोकसभा अध्यक्ष से तृणमूल के किसी भी अलग गुट को मान्यता नहीं देने का किया आग्रह

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के साथ तृणमूल कांग्रेस के बागी सांसदों की प्रस्तावित बैठक से पहले पार्टी के संसदीय दल के नेता अभिषेक बनर्जी ने लोकसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि वह पार्टी का अलग गुट होने का दावा करने वाले किसी भी समूह को कोई मान्यता, दर्जा या सुविधा नहीं दें। अभिषेक बनर्जी ने कहा है कि संविधान और दलबदल विरोधी कानून किसी मौजूदा राजनीतिक दल के भीतर अलग गुट बनाने की इजाजत नहीं देते हैं। पार्टी महासचिव अभिषेक बनर्जी ने अपने पत्र में अनुरोध किया है कि ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस (एआईटीसी) को एक ही राजनीतिक पार्टी माना जाए जिसका प्रतिनिधित्व सदन में केवल उसके अधिकृत नेता और मुख्य सचेतक द्वारा किया जाए। उन्होंने यह भी आग्रह किया कि बागी सांसदों की ओर से किसी भी तरह के पत्राचार या अनुरोध पर कोई फैसला करने से पहले पार्टी को अपना पक्ष रखने का मौका दिया जाए। तृणमूल कांग्रेस सांसद सागरिका घोष और कीर्ति आजाद ने बनर्जी के 10 जून को लिखे इस पत्र को रविवार को यहां बिरला के आवास पर उन्हें सौंपा। बनर्जी ने अपने पत्र में कहा कि एआईटीसी को एक ही राजनीतिक पार्टी माना जाए जिसका प्रतिनिधित्व सदन में केवल उसके अधिकृत नेता और मुख्य सचेतक के माध्यम से हो और एआईटीसी के किसी भी कथित अलग गुट या धड़े को कोई मान्यता, दर्जा या सुविधा नहीं दिया जाए। महाराष्ट्र के राजनीतिक संकट मामले में उच्चतम न्यायालय की संविधान पीठ के फैसले का हवाला देते हुए बनर्जी ने तर्क दिया कि 10वीं अनुसूची के तहत अब 'विभाजन' का बचाव उपलब्ध नहीं है और वर्तमान कानूनी ढांचा किसी एक राजनीतिक दल की पहचान को मान्यता देता है न कि उसके भीतर मौजूद विरोधी गुटों को अलग अलग मान्यता देता है। उन्होंने कहा कि अगर उपर्युक्त प्रकार का कोई भी पत्राचार या संचार प्राप्त होता है, तो उस पर कोई निर्णय लेने से पहले एआईटीसी को अपना पक्ष रखने और सुने जाने का अवसर प्रदान किया जाए। बनर्जी ने यह भी कहा कि विलय के किसी भी दावे के लिए राजनीतिक पार्टी का विलय और दो-तिहाई विधायकों का समर्थन, दोनों जरूरी हैं और कानून के तहत इनमें से सिर्फ एक शर्त पूरी करना काफी नहीं होगा।

## शराब विक्रेताओं का अनधिकृत परिवहन शुल्क के रूप में 300 करोड़ रुपये वसूले जाने का आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के खुदरा शराब व्यापारियों ने आरोप लगाया है कि 2022 एवं 2025 के बीच उनसे लगभग 300 करोड़ रुपये परिवहन शुल्क के रूप में वसूले गये जबकि राज्य की वितरक-डिपो आपूर्ति प्रणाली के अनुसार इस भुगतान की जिम्मेदारी वितरकों पर होती है। आबकारी शुल्क विभाग से इस मामले की जांच की मांग करते हुए, 'सोसाइटी फॉर द वेलफेयर ऑफ वेस्ट बंगाल फॉरेन लिकर लाइसेंस' ने कहा कि राज्य सरकार की वितरक-डिपो प्रणाली के अनुसार वितरकों को अपने खर्च पर खुदरा विक्रेताओं के गोदामों तक शराब की आपूर्ति करनी होती है। हालांकि, आबकारी शुल्क आयुक्त को लिखे पत्र में कहा गया है कि नियमों के विपरीत, खुदरा विक्रेताओं से बीयर आपूर्ति के लिए प्रति मामला 10-13 रुपये परिवहन शुल्क के रूप में वसूले जा रहे हैं। खुदरा विक्रेताओं के इस संगठन ने आरोप लगाया कि सदस्यों से परिवहन और डिलीवरी शुल्क वसूला जा रहा है, जबकि वितरक-डिपो मॉडल के अनुसार उत्पादों की आपूर्ति खुदरा दुकानों तक वितरकों के खर्च पर होनी चाहिए। इसने दावा किया कि ऐसे शुल्क बिना रसीद, बिल या किसी सहायक दस्तावेज के वसूले जा रहे हैं और खुदरा विक्रेताओं को अक्सर आपूर्ति में बाधा से बचने के लिए भुगतान करने के लिए मजबूर किया जाता है। सोसाइटी के सचिव, बिजोन कुमार पात्रा ने कहा कि अनुमानों और डिपो से भेजे गए माल के आंकड़ों के आधार पर, 2022 एवं 2025 के बीच बीयर, विदेशी शराब और देशी शराब की आपूर्ति से लगभग 300 करोड़ रुपये वसूली की गयी होगी।

उद्योग संगठन ने कहा कि इस प्रणाली के कारण पैसा सरकार के खजाने में जाने के बाद कुछ राजनीतिक पहुंच वाले व्यक्तियों को वित्तीय लाभ मिला। हालांकि, संगठन ने इस दावे के समर्थन में कोई दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया, लेकिन उसने पहले भी तृणमूल कांग्रेस के नेतृत्व वाली पिछली सरकार के दौरान आबकारी शुल्क विभाग से शिकायत की थी, जिसका कोई सकारात्मक परिणाम नहीं निकला था। संगठन ने आबकारी शुल्क विभाग से इस मामले की जांच करने, कथित अनधिकृत परिवहन शुल्क की वसूली को रोकने और शराब वितरण ढांचे के कार्यान्वयन में पारदर्शिता और निरंतरता सुनिश्चित करने का आग्रह किया है।







# बागी सांसदों के एनसीपीआई में विलय को ममता खेमे ने बताया 'जनादेश से विश्वासघात'

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के बागी सांसदों ने नेशनल सिटिजन्स पार्टी ऑफ इंडिया (एनसीपीआई) में विलय की घोषणा करते हुए संसद में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का समर्थन करने का फैसला किया। टीएमसी नेताओं ने इस कदम को पार्टी और मतदाताओं दोनों के साथ विश्वासघात करार दिया है।

**❑ यह मतदाताओं के भरोसे से विश्वासघात : कुणाल घोष**

टीएमसी विधायक कुणाल घोष ने बागी सांसदों पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि वे निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर नहीं, बल्कि टीएमसी के







चुनाव चिन्ह और ममता बनर्जी के नेतृत्व में जीतकर संसद पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि जिन मतदाताओं ने उन्हें चुना, वे भाजपा विरोधी विचारधारा के थे। ऐसे में एनडीए का समर्थन करना केवल पार्टी नेतृत्व ही नहीं, बल्कि हर उस मतदाता के साथ धोखा है जिसने उन पर भरोसा जताया था।

**❑ दाल में कुछ काला है : मदन मित्रा**

टीएमसी विधायक मदन मित्रा ने भी बागी सांसदों के फैसले की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि सांसदों ने चुनाव ममता बनर्जी और टीएमसी के नाम पर जीता था, लेकिन अब वे अलग राह चुन रहे हैं। मित्रा ने कहा कि यदि 20 सांसद एक साथ पार्टी छोड़ने की स्थिति में हैं, तो इसके पीछे कोई बड़ा कारण जरूर है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि दाल में कुछ काला है।

**❑ सौगत रॉय ने एनसीपीआई विलय को बताया 'हास्यास्पद'**

वरिष्ठ टीएमसी सांसद सौगत रॉय ने बागी नेताओं के एनसीपीआई में विलय के फैसले को हास्यास्पद बताया। उन्होंने सवाल उठाया कि जिन सांसदों को जनता ने टीएमसी के नाम पर चुना, वे अब अपने क्षेत्र में जाकर लोगों को कैसे समझाएंगे कि वे किसी अन्य दल का हिस्सा बन गए हैं। रॉय ने आरोप लगाया कि यह कदम भाजपा के अप्रत्यक्ष समर्थन से उठाया गया है और इसका उद्देश्य संसदीय नियमों के तहत अलग गुट की मान्यता हासिल करने का रास्ता निकालना है।

# कुलतली में चोर समझकर केरल निवासी व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या

**❑ पांच गिरफ्तार व दो नाबालिग हिरासत में**

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के कुलतली क्षेत्र में एक युवक को भाषा नहीं समझ में आने की वजह से चोरी के संदेह में रस्सी से बांधकर पीट-पीटकर मार डालने के मामले में पुलिस ने 5 लोगों को गिरफ्तार किया है, जबकि 2 नाबालिगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि मृतक युवक केरल का निवासी था और काम के सिलसिले में कुलतली के सांकीजहान इलाके में अपने एक परिचित के घर आया था। 9 जून की सुबह वह स्थानीय बाजार गया था। इलाके की सड़कों से अनजान होने के कारण वह गलती से दूसरे मोहल्ले में पहुंच गया। बताया जा रहा है कि युवक बंगाली भाषा नहीं जानता था। लोगों ने अजनबी युवक को इलाके में घूमते देखा तो उससे पूछताछ शुरू कर दी। कुछ लोगों ने उससे पहचान पत्र दिखाने को कहा। इसी दौरान कुछ लोगों को उस पर चोरी का संदेह हो गया। आरोप है कि इसके बाद युवक को रस्सी से बांध दिया गया और बेरहमी से पीटा गया। सूचना मिलने पर कुलतली थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल युवक को जयनगर-कुलतली ग्रामीण अस्पताल ले गई, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

हालांकि, घटना 9 जून को हुई थी, लेकिन पुलिस को मामले की पूरी जानकारी शनिवार को सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो से मिली। वीडियो में युवक को रस्सी से बांधकर पीटते हुए देखा गया। वीडियो की जांच के बाद पुलिस को पता चला कि मृतक वही व्यक्ति है, जिसे ग्रामीणों ने चोरी के संदेह में पीटा था। इसके बाद, पुलिस ने शनिवार को प्राथमिकी दर्ज कर 8 लोगों को हिरासत में लिया। देर रात पूछताछ के बाद 5 आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया, 2 नाबालिगों को हिरासत में रखा गया, जबकि एक व्यक्ति को छोड़ दिया गया। सभी आरोपितों को अदालत में सोमवार को पेश किया जाएगा। पुलिस ने बताया कि मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। मृतक की पहचान की प्रक्रिया भी जारी है। वहीं, सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के बाद पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है।

## बेलेघाटा के कुख्यात राजू नस्कर के चार करीबी गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** बेलेघाटा इलाके में लंबे समय से दहशत का पर्याय बने राजू नस्कर के चार करीबी सहयोगियों को कोलकाता पुलिस की गुंडा दमन शाखा ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के नाम श्यामल बसु, राजू साहा, बिभास दास और राजेश मल्लिक हैं। सभी आरोपी बेलेघाटा क्षेत्र के निवासी हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, चारों को हथियार कानून के तहत गिरफ्तार किया गया है। इनके खिलाफ अवैध रूप से आग्नेयास्त्र रखने, उसकी आपूर्ति और बिक्री की कोशिश जैसे गंभीर आरोप लगे हैं। श्यामपुकुर थाने में इनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। भारतीय न्याय संहिता की धारा 25(1)(ए) और 29 के तहत कार्रवाई की गयी है। प्रारंभिक जांच में संकेत मिले हैं कि आरोपी लंबे समय से अवैध हथियारों के नेटवर्क से जुड़े हुए थे।

## 'पश्चिम बंगाल दिवस' पर कोलकाता में बनेगा वर्ल्ड रिकॉर्ड, 500 नौका पर योग करेंगे लोग

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य इस बार योग के क्षेत्र में विश्व रिकॉर्ड बनाने की तैयारी में है। राज्य सरकार 20 जून को पश्चिम बंगाल दिवस पर कोलकाता में गंगा (हुगली नदी) के तट पर भव्य योग महोत्सव आयोजित करने जा रही है। आयोजन में एक साथ 500 नौकाओं पर लोग योग करेंगे। यदि यह आयोजन सफल रहा, तो यह रिकॉर्ड गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हो सकता है। राज्य सचिवालय नबान्न से मिली के अनुसार, यह आयोजन हरिद्वार, ऋषिकेश और वाराणसी में हुए अब तक के सबसे बड़े योग आयोजनों से भी भव्य होगा। मिलेनियम पार्क, बेलूड़, दक्षिणेश्वर, बाबूघाट और प्रिंसेप घाट इस महा-आयोजन के मुख्य केंद्र होंगे। गंगा के दोनों किनारों को विशेष रूप से सजाया जायेगा। हावड़ा ब्रिज से विद्यासागर सेतु तक के क्षेत्र और बीच के 42 भवन रोशनी से नहा उठेंगे। शाम को ड्रोन शो और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जा सकते हैं। कार्यक्रम की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। नौसेना और श्याम प्रसाद मुखर्जी पोर्ट से नौकाएं उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है। राज्य सरकार की अपनी नौकाएं भी इसमें शामिल होंगी। इस पूरे आयोजन के लिए दिव्या लोगनाथन को नोडल अधिकारी बनाया गया है। सोमवार को पर्यटन विभाग हावड़ा फेरी घाट पर विशेष योग अभ्यास का आयोजन करेगा। विक्टोरिया मेमोरियल के सामने भी योग सत्र होगा। संभवत: यह पहला मौका होगा, जब गंगा नदी के बीच में 500 से अधिक नौकाओं पर एक साथ योगाभ्यास होगा।

## दुर्गापुर में अनोखा प्रदर्शन, टीएमसी नेता पर अंडा फेंकने के बजाए ऑमलेट खिलाकर किया विरोध

**दुर्गापुर :** दुर्गापुर में पट्टा दिलाने के नाम पर पैसे ऐंठने के आरोप में लोगों ने अनोखा विरोध प्रदर्शन किया। पूरा मामला दुर्गापुर के वार्ड 41 के महानंदा कॉलोनी इलाके का है। यहां पूर्व तृणमूल कांग्रेस पार्षद शिपुल साहा से के खिलाफ लोगों ने एक अनोखा 'ऑमलेट प्रदर्शन' किया। आक्रोशित निवासियों ने पार्षद के करीबी बताए जाने वाले एक तृणमूल नेता को जबरन अंडे का ऑमलेट खिलाकर अपना विरोध जताया और जमीन के नाम पर लिए गए पैसों का हिसाब चुकता करने की मांग की। पता चला है कि स्थानीय लोगों का आरोप है कि करीब चार साल पहले महानंदा कॉलोनी, बीरभानपुर और आसपास के क्षेत्रों के कई लोगों से सरकारी जमीन का पट्टा दिलाने का आश्वासन देकर पैसे लिए गए थे। लेकिन इतने वर्षों के बाद भी किसी को जमीन का पट्टा नहीं मिला और न ही जमा की गई राशि वापस की गई। शनिवार की रात महानंदा कॉलोनी के एक शिक्षक के घर से पट्टा संबंधी कई भरे हुए आवेदन पत्र



मिलने का दावा किया गया। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि चुनाव परिणाम आने के बाद हालात प्रतिकूल होते देख कुछ तृणमूल नेताओं ने ये फॉर्म वहां रख दिए थे।

इसके बाद, आक्रोशित लोगों ने हाथों में उन फॉर्मों और झाड़ू लेकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने शिपुल साहा के करीबी माने जाने वाले स्थानीय तृणमूल नेता सुकुमार चक्रवर्ती को मौके पर बुलाया और प्रतीकात्मक रूप से उन्हें अंडे का ऑमलेट खिलाकर जमीन पट्टा मामले में लिए गए पैसों का हिसाब मांगा। स्थानीय लोगों ने मामले की निष्पक्ष जांच और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## सॉल्टलेक सेक्टर-5 में सड़क हादसा, कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के सॉल्ट लेक सेक्टर-5 इलाके में रविवार सुबह एक सड़क हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद अनियंत्रित कार सड़क के बीच स्थित ट्रैफिक पुलिस कियोस्क से जा टकराई, जिससे कियोस्क का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। जानकारी के अनुसार, एक कार और बाइक सेक्टर-5 से चिंगड़ीघाटा की ओर जा रहे थे। आरोप है कि कार चालक ने ट्रैफिक सिग्नल की अनदेखी करते हुए और बिना इंडिकेटर दिए अचानक दाईं ओर मोड़ लिया। इसी दौरान पीछे से आ रही बाइक कार से टकरा गई। टक्कर के बाद बाइक सवार सड़क पर गिर पड़ा और घायल हो गया। बताया जा रहा है कि उसने हेलमेट पहन रखा था,




जिससे सिर पर गंभीर चोट नहीं आई, लेकिन शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें लगी हैं। हादसे के बाद कार चालक ने वाहन को रोकने की कोशिश की, लेकिन रफ्तार अधिक होने के कारण वह नियंत्रण खो बैठा। इसके बाद कार सड़क के बीच बने ट्रैफिक पुलिस कियोस्क में जा घुसी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कार चालक को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने कार को भी जब्त कर लिया है। घायल बाइक चालक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## उत्तर हावड़ा में रक्तदान और स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर हावडा जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा ट्रस्ट परिवार एवं ओशियन्स परिवार के संयुक्त तत्वावधान मे तेरापंथ सभागार उत्तर हावड़ा में रक्तदान शिविर व स्वास्थ्य परिक्षण का आयोजन किया गया। नमस्कार महामंत्र के संगान के साथ शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर में लगभग 50 व्यक्तियों ने रक्तदान किया और 150 व्यक्तियों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया। इस अवसर पर राज्य के संसदीय कार्य व नगर उन्नयन मंत्री उमेश राय, बाली के विधायक संजय सिंह, जोड़ासाको के विधायक विजय ओझा, अनील गोयल, महेन्द्र अग्रवाल आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। आयोजन को सफल बनाने में ट्रस्ट के ट्रस्टी सुन्दरलाल बोथरा, सुरेन्द्र सुराणा,अशोक भंसाली ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री जगत सिंह टांटिया,मंत्री बुधमल लुनिया,सहमंत्री रंजीत बोथरा विनोद कुचेरिया,सुशील गंग,सुशील चिंडालिया, सुरेश डांगी , ओसियांश परिवार के अध्यक्ष उत्तर हावड़ा भाजपा मंडल 2 के सचिव रितेश खटेड़ , रोहित संचेती, विकास सिंगी, अंकित व नवीन बैद सहित अन्य कार्यकर्त्ता सक्रिय थे। शिविर प्रायोजक शशी-सुरेन्द्र सुराणा ने अपने स्व. पिताजी गुलाब चंद



व. माताजी सम्पत देवी सुराणा की पुण्य स्मृति में आयोजित हुआ।

## गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स ने लिए लॉन्च किया विशेष टूलकिट 'प्राइड इन मैन्युफैक्चरिंग'

**कोलकाता :** गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (जीसीपीएल) ने 'प्राइड इन मैन्युफैक्चरिंग' टूलकिट लॉन्च किया। यह एक खास किस्म का व्यावहारिक टूलकिट है, जिसे संगठनों को एलजीबीटीक्यूआईए+ प्रतिभा के लिए सुरक्षित, बराबरी वाले और समावेशी विनिर्माण कार्यस्थल तैयार करने में मदद करने के लिए तैयार किया गया है। इस टूलकिट को एक साथ दो जगहों पर लॉन्च किया गया। मुंबई में कंपनी के मुख्यालय 'गोदरेज वन' में गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के मुख्य कार्यकारी और प्रबंध निदेशक, सुधीर सीतापति और तमिलनाडु में कंपनी की विनिर्माण इकाई में गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के वैश्विक प्रमुख – मानव संसाधन, वैभव राम ने इसे लॉन्च किया। गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी, सुधीर सीतापति ने टूलकिट लॉन्च करते हुए कहा, हमारे लिए, समावेश कभी भी किसी कार्यक्रम या कुछ निश्चित समयसीमा के लिए किया जाने वाला काम नहीं रहा है, बल्कि यह हमारी सोच या विश्वास का अंग है। गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के वैश्विक प्रमुख – मानव संसाधन, वैभव राम ने कहा, विनिर्माण भारत के विकास के मुख्य अंगों में से एक है, और जीसीपीएल अपने विनिर्माण परिचालन को अधिक समावेशी बनाने का प्रयास कर रही है।

## कोलकाता में यशोदा हॉस्पिटल्स की प्रेस मीट, लंग ट्रांसप्लांट और एडवांस्ड रेस्पिरेटरी केयर पर दिया जोर

**कोलकाता, समाज्ञा :** यशोदा हॉस्पिटल्स हैदराबाद ने कोलकाता में आयोजित एक प्रेस मीट के दौरान फेफड़ा प्रत्यारोपण (लंग ट्रांसप्लांट), एडवांस्ड रेस्पिरेटरी केयर और अत्याधुनिक थोरेसिक सर्जरी के क्षेत्र में अपनी उपलब्धियों को साझा किया। अस्पताल ने पूर्वी भारत के मरीजों के लिए विश्वस्तरीय उपचार सुविधाओं को और अधिक सुलभ बनाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम को यशोदा हॉस्पिटल्स के कंसल्टेंट रोबोटिक एवं मिनिमली इनवेसिव थोरेसिक सर्जन डॉ. मंजूनाथ बाले तथा कंसल्टेंट क्लिनिकल एवं इंटरवेंशनल पल्मोनोलॉजिस्ट, एलर्जी एवं इम्यूनोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. जे.वी.एस. अश्वित चौधरी ने संबोधित किया। उन्होंने पल्मोनोलॉजी, इंटरवेंशनल पल्मोनोलॉजी, रोबोटिक सर्जरी और लंग ट्रांसप्लांटेशन में अस्पताल की विशेषज्ञता और आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी।



प्रेस वार्ता में यशोदा हॉस्पिटल्स के मार्केटिंग एजीएम संजय भट्टाचार्य और असिस्टेंट मैनेजर सागर मुखर्जी भी मौजूद रहे। विशेषज्ञों ने कहा कि अस्पताल क्लिनिकल उत्कृष्टता, नवाचार और मरीज-केंद्रित देखभाल के जरिए बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य कर रहा है। कार्यक्रम के अंत में मीडिया प्रतिनिधियों के साथ संवाद के दौरान ऑर्गन ट्रांसप्लांटेशन, क्रिटिकल केयर मेडिसिन और भारत में एडवांस्ड रेस्पिरेटरी हेल्थकेयर के भविष्य पर चर्चा की गई।

## कपिल सिब्बल ने तृणमूल के बागी सांसदों को अयोग्य ठहराने की मांग की

**कोलकाता/नयी दिल्ली :** राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने रविवार को तृणमूल कांग्रेस के बागी सांसदों को अयोग्य ठहराने की मांग की। उन्होंने कहा कि वे किसी राजनीतिक दल में विलय नहीं कर सकते, क्योंकि ऐसा तभी हो सकता है जब टीएमसी खुद ऐसा करना चाहे। सिब्बल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि टीमएसी के बागी नेता नेशनलिस्ट सिटिजन्स पार्टी में विलय करेंगे। भारतीय लोकतंत्र 'बेतुका तमाशा' बन गया है। उन्होंने कहा कि टीएमसी के बागी सांसद किसी राजनीतिक पार्टी में विलय नहीं कर सकते; ऐसा तभी हो सकता है जब टीएमसी खुद ऐसा करना चाहे।'' सिब्बल ने कहा कि टीएमसी के बागी सांसदों को अयोग्य ठहराया जाना चाहिए।

## कोलकाता के कालीघाट मंदिर पहुंचे विधायक रमेश जायसवाल, मां काली का लिया आशीर्वाद



**कोलकाता, समाज्ञा :** चंदौली विधानसभा क्षेत्र (मुगलसराय) के लोकप्रिय विधायक एवं भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष रमेश जायसवाल ने कोलकाता स्थित कालीघाट मंदिर में मां काली के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। इस दौरान उनके साथ समाजसेवी विकास जायसवाल, विधायक प्रतिनिधि भीम कुमार मोदी तथा संजय जायसवाल भी मौजूद रहे। सभी ने मां काली का आशीर्वाद प्राप्त कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और जनकल्याण की कामना की। मंदिर दर्शन के बाद उन्होंने प्रदेश एवं देश की उन्नति, शांति और नागरिकों के कल्याण की भी प्रार्थना की।

# रेलवे बोर्ड के चेयरमैन सतीश कुमार ने पश्चिम बंगाल में रेल सुविधाओं का लिया जायजा

**कोलकाता, समाज्ञा :** रेलवे बोर्ड के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सतीश कुमार ने रविवार को पश्चिम बंगाल में रेल अवसंरचना के विकास और यात्री सुविधाओं के आधुनिकीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए तारकेश्वर-शेवड़ाफुली रेलखंड का व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने तारकेश्वर, शेवड़ाफुली और हावड़ा स्टेशन का दौरा कर विभिन्न परियोजनाओं एवं सुविधाओं की समीक्षा की। उनके साथ रेलवे बोर्ड, पूर्व रेलवे और दक्षिण पूर्व रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान सतीश कुमार ने यात्री प्रबंधन व्यवस्था, ट्रेन संचालन और सेवा गुणवत्ता का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक कर परिचालन दक्षता बढ़ाने और यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की। तारकेश्वर में उन्होंने हुगली के जिलाधिकारी तथा पश्चिम बंगाल सरकार के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समन्वय बैठक की। बैठक में क्षेत्र में चल रही और प्रस्तावित रेलवे परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए रेलवे और राज्य सरकार के बीच बेहतर तालमेल पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि रेल परियोजनाएं न केवल संपर्क व्यवस्था को मजबूत करेंगी, बल्कि क्षेत्र के आर्थिक




और सामाजिक विकास को भी गति देंगी। इसके बाद चेयरमैन ने तारकेश्वर से हावड़ा तक विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया, जिसमें ट्रैक की स्थिति, ओवरहेड उपकरण (ओएचई), सिग्नलिंग सिस्टम तथा रेलवे परिसरों की स्वच्छता और रखरखाव का मूल्यांकन किया गया। पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिबराम माझी ने कहा कि यह दौरा पश्चिम बंगाल में रेलवे अवसंरचना के तीव्र विकास और आधुनिकीकरण के प्रति रेलवे बोर्ड की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान दिए गए निर्देशों को समयबद्ध कार्ययोजना के तहत लागू किया जाएगा, जिससे यात्री सुविधाओं, भीड़ प्रबंधन और मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी में उल्लेखनीय सुधार होगा।

## राज्य में सीमा पर कटीले तार लगाने को लेकर बढ़ा विवाद, हाई कोर्ट जाने की तैयारी में ग्रामीण

**❑ हकीमपुर में 'नो मैंन्स लैंड' के दायरे में आ सकते हैं स्कूल-मकान**

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के सीमावर्ती इलाकों में अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा को पुख्ता करने के लिए कटीले तार लगाने के काम में तेजी लाई जा रही है। इसी कड़ी में, राज्य सरकार के भूमि एवं भूमि सुधार विभाग ने हाल ही में भारत-बांग्लादेश सीमा से सटे इलाकों में भूमि सर्वेक्षण का काम शुरू किया है। कैजूरी से आरशिकारी तक करीब 19 किलोमीटर खुली सीमा पर फेंसिंग निर्माण की प्रक्रिया आगे बढ़ रही है। लेकिन, इस प्रस्तावित फेंसिंग की लोकेशन को लेकर स्थानीय निवासियों ने गंभीर आपत्ति जताई है, जिससे सीमांत इलाकों में तनाव का माहौल है। आरशिकारी, पद्मबिला, दोहारकांडा, हकीमपुर और ताराली सहित कई सीमावर्ती गांवों के निवासियों का आरोप है कि प्रशासन अंतरराष्ट्रीय नियमों की अनदेखी कर रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय नियमों के मुताबिक सीमा के 'जीरो पॉइंट' से 150 गज की दूरी पर फेंसिंग की जानी चाहिए। लेकिन कुछ इलाकों में इस तय दायरे से बहुत अंदर आकर कटीले तार लगाने की योजना बनाई जा रही है। स्थानीय लोगों को आशंका है कि यदि प्रशासन की मौजूदा योजना के तहत फेंसिंग की गई, तो कई लोगों के रिहायशी मकान, उप-स्वास्थ्य केंद्र, स्कूल, मंदिर, मस्जिद और सैकड़ों एकड़ उपजाऊ कृषि भूमि फेंसिंग (बेड़े) के उस पार यानी व्यावहारिक रूप से बांग्लादेश की सीमा या 'नो मैन्स लैंड' की तरफ चले जाएंगे। इससे स्थानीय लोगों की दैनिक आजीविका और जीवन पूरी तरह से तबाह हो जाएगा। सूत्रों के मुताबिक, कुछ महीने पहले इस मुद्दे को लेकर ग्रामीणों की ब्लॉक विकास अधिकारी के साथ बैठक हुई थी, लेकिन कोई ठोस समाधान नहीं निकल सका। प्रशासनिक स्तर पर राहत न मिलने के कारण अब ग्रामीणों का एक बड़ा हिस्सा कलकत्ता हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटानी की तैयारी कर रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि प्रशासन की इस योजना से आम लोगों के आशियाने और जनसुविधाएं प्रभावित होती हैं, तो अदालत का हस्तक्षेप जरूरी हो जाएगा। इसके लिए वकीलों से कानूनी कानूनी राय मशविरा भी शुरू कर दिया गया है।

## बांकुड़ा में मारपीट और छेड़छाड़ के आरोप में तृणमूल नेता गिरफ्तार



**बांकुड़ा :** जिले के इंदपुर ब्लॉक के पूर्व तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष रेजाउल खान को पुलिस ने एक भाजपा कार्यकर्ता के साथ मारपीट करने और उसकी पत्नी के साथ कथित तौर पर छेड़छाड़ करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। बांकुड़ा जिला पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को बताया कि यह गिरफ्तारी भाजपा कार्यकर्ता की शिकायत के आधार पर की गई। भाजपा कार्यकर्ता ने आरोप लगाया कि रेजाउल ने उसके घर पर उस पर हमला किया और मारपीट की। उसने यह भी आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस नेता ने उसकी पत्नी के साथ छेड़छाड़ की, घर में तोड़-फोड़ की और हथियार दिखाकर परिवार को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस के अनुसार, इंदपुर पुलिस स्टेशन के अधिकारियों ने शिकायत के आधार पर शनिवार की रात रेजाउल को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार व्यक्ति को रविवार को बांकुड़ा की खत्रा सब-डिविजनल कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने उसे तीन दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया।

## बेलदा सड़क हादसे में बुजुर्ग की मौत

**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के बेलदा थाना अंतर्गत बाखराबाद इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग-16 पर रविवार की दोपहर सड़क हादसे में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक की पहचान भूपेन जाना (73) के रूप में हुई है। वह नारायणगढ़ ब्लॉक के गोकुलपुर इलाके के निवासी थे। बताया गया है कि निजी कार की टक्कर लगने से साइकिल सवार बुजुर्ग ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। स्थानीय लोगों के अनुसार, भूपेन जाना साइकिल से राष्ट्रीय राजमार्ग पार कर रहे थे, तभी खड़गपुर की ओर जा रही एक तेज रफ्तार निजी कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे की सूचना पाकर बेलदा थाना की पुलिस और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# कोलकाता एयरपोर्ट पर आज 'पैसेंजर फैसिलिटेशन डे', यात्रियों के लिए होंगे कई विशेष कार्यक्रम

**कोलकाता, समाज्ञा :** नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (कोलकाता एयरपोर्ट) आज 15 जून को 'पैसेंजर फैसिलिटेशन डे' मनाने जा रहा है। इस अवसर पर यात्रियों के लिए कई विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही एयरपोर्ट पर यात्री सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए



कई विकास और आधुनिकीकरण परियोजनाओं पर भी काम चल रहा है। जिसमें टर्मिनल की सुविधाओं को बेहतर बनाने, यात्रियों की आवाजाही को आसान करने, सुरक्षा व्यवस्था को आधुनिक बनाने और डिजिटल सेवाओं का विस्तार करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। आज के कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9 बजे 'वंदे मातरम्' के साथ होगी। एयरपोर्ट पहुंचने वाले यात्रियों का तिलक और गुलाब की कलियों से स्वागत किया जाएगा। इसके अलावा 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधों का वितरण भी किया जाएगा। सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक नेत्र जांच और सामान्य स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिनका लाभ यात्री और एयरपोर्ट कर्मचारी दोनों उठा सकेंगे। यात्री सेवा में उत्कृष्ट योगदान देने वाले कर्मचारियों को सम्मानित भी किया जाएगा।

इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम, बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता, कला प्रदर्शनी और सेल्फी प्वाइंट जैसी गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी। एयरपोर्ट प्रशासन ने बताया कि इससे पहले वृक्षारोपण अभियान, ऑनलाइन क्विज, करियर काउंसलिंग और चित्रकला प्रतियोगिताओं जैसे कई कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किए जा चुके हैं। एयरपोर्ट अधिकारियों का कहना है कि इन पहलों का उद्देश्य यात्रियों को बेहतर, सुरक्षित और आरामदायक यात्रा अनुभव प्रदान करना है तथा कोलकाता एयरपोर्ट को देश के सबसे यात्री-अनुकूल हवाई अड्डों में शामिल करना है।

## जबरन वसूली के आरोप में बैरकपुर-2 ग्राम पंचायत का वाइस-प्रेसिडेंट गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिला के रहड़ा थाने की पुलिस ने बैरकपुर-2 ग्राम पंचायत के वाइस-प्रेसिडेंट शुभ्रो अली पुरकैत को रंगदारी और धमकाने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, आरोपी पर लंबे समय से रंगदारी, धमकाने और आम लोगों को धमकाने के कई आरोप थे। रहड़ा थाने की पुलिस ने हाल ही में दर्ज एक खास शिकायत के आधार पर जांच शुरू की। जांच के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, गिरफ्तार किए गए व्यक्ति को कोर्ट में पेश किया जाएगा। जांचकर्ता इस बात की जांच कर रहे हैं कि इस घटना में कोई और व्यक्ति या गैंग तो शामिल नहीं है। इसके अलावा, यह भी जांच की जा रही है कि आरोपी के पीछे कोई और फाइनेंशियल ट्रांजैक्शन या असर डालने वाली बात तो नहीं है।

# तृणमूल के बागी खेमे में अब लोकसभा के 22 सदस्य : काकोली घोष दस्तीदार



❑ नई दिल्ली रवाना होने से पहले एयरपोर्ट पर टीएमसी की बागी सांसद ने किया दावा

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस के बागी खेमे की सांसद काकोली घोष दस्तीदार ने रविवार को दावा किया कि दो और सांसद बागी खेमे में शामिल होने वाले हैं, जिससे लोकसभा में इस गुट में सदस्यों की संख्या बढ़कर 22 हो जाएगी। दस्तीदार ने नयी दिल्ली रवाना होने से पहले कोलकाता हवाई अड्डे पर पत्रकारों से कहा कि बागी सांसद सोमवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात करेंगे और उनसे अलग गुट के रूप में मान्यता देने की गुजारिश करेंगे। उन्होंने कहा कि हम मुलाकात के लिए दिल्ली जा रहे हैं। हमारे साथ 22 सांसद हैं। अध्यक्ष ने हमें समय दिया है। हम सोमवार को उनसे मिलेंगे और अलग गुट के रूप में मान्यता देने की गुजारिश करेंगे। हालांकि, दस्तीदार ने उन दो अतिरिक्त सांसदों की पहचान उजागर नहीं की और कहा कि उनके नाम औपचारिक रूप से गुट में शामिल होने के बाद सामने लाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जो लोग पिछले चार-पांच वर्षों में पश्चिम बंगाल में मौजूदा स्थिति के खिलाफ ईमानदारी से अपनी राय व्यक्त कर रहे थे, वे हमारे संपर्क में हैं। अब हमारी संख्या 22 हो गई है।

## ‘क्षेत्र की जनता को ही जवाब दूंगी’, टीएमसी में बगावत के बीच सायोनी घोष ने कहा



**कोलकाता/नई दिल्ली :** विधानसभा चुनाव में हार के बाद से तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में उथल-पुथल मची है। पार्टी की जादवपुर से सांसद सायोनी घोष भी रविवार को नई दिल्ली पहुंचीं, लेकिन पार्टी में चल रही बगावत पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। एक बातचीत के दौरान जब रिपोर्टर ने उनसे सवाल पूछने की कोशिश की, तो उन्होंने कड़ा रुख अपनाया। सायोनी घोष ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि मैं आपको जवाब नहीं दूंगी। मैं केवल अपने क्षेत्र के लोगों को जवाब दूंगी। सायोनी घोष के इस जवाब के बाद रिपोर्टर ने उन्हें अपनी बात रखने के लिए फिर से कहा। रिपोर्टर ने उनसे कहा कि जनता उनकी बात सुन रही है और यह आवाज उनके क्षेत्र के लोगों तक भी पहुंच रही है। इस पर सायोनी घोष ने बहुत छोटा और नपा-तुला जवाब दिया। उन्होंने कहा कि आवाज आगे भी पहुंचेगी।

## तृणमूल की बागी सांसद काकोली के बेटे ने ममता को उनके दिए तोहफे लौटाने की घोषणा की

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस की बागी सांसद काकोली घोष दस्तीदार के बेटे डॉ. वैद्यनाथ घोष ने रविवार को कहा कि वह पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा उन्हें और उनकी पत्नी को दिए गए तोहफे लौटा देंगे। उन्होंने इसके लिए ‘हाल की घटनाओं’ और ‘अपनी अंतरात्मा’ का हवाला दिया। डॉ. वैद्यनाथ घोष ने ‘एक्स’ पर पोस्ट किया कि मैं ममता बनर्जी की ओर से मेरी पत्नी को हमारी शादी में मिली सोने की चेन और मुझे दुर्गा पूजा के दौरान तोहफे में मिले कुर्ता-पायजामा लौटा रहा हूं। मैं इस तोहफे के लिए आभारी रहा, लेकिन हाल की घटनाओं को ध्यान में रखते हुए और अपनी अंतरात्मा की आवाज को सुनते हुए इन तोहफों को लौटाना ही सही है। सोशल मीडिया पर अपने बेटे की पोस्ट साझा करते हुए, बारासात की सांसद काकोली घोष दस्तीदार ने उनके फैसले का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि मुझे तुम पर और तुम्हारी पत्नी पर गर्व है।

## आज मुख्यमंत्री नंदीग्राम से राज्य भर में जनकल्याण शिविर का करेंगे उद्घाटन



**पूर्व मेदिनीपुर/कोलकाता :** राज्य के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी मुख्यमंत्री बनने के बाद दूसरी बार नंदीग्राम में जनसभा करने वाले हैं। आज वे पूर्व मेदिनीपुर के नंदीग्राम के रेयापाड़ा शिव मंदिर मैदान में धन्यवाद सभा करेंगे। साथ ही, मुख्यमंत्री वहीं से पूरे राज्य में शुरू होने वाले तीन दिन के जनकल्याण शिविर कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन भी करेंगे। जानकारी मिली है कि 15, 16 और 17 जून को राज्य के अलग-अलग हिस्सों में जनकल्याण शिविर लगाए जाएंगे। इसका उद्घाटन शुभेंदु अधिकारी नंदीग्राम से करेंगे। सभा की तैयारियां जोरों पर हैं। पूर्व मेदिनीपुर जिला प्रशासन के अधिकारियों, जिला पुलिस अधिकारियों और स्थानीय भाजपा जन प्रतिनिधियों ने रविवार को मैदान का दौरा किया। सुरक्षा व्यवस्था, स्टेज बनाने और जनसभाओं पर कंट्रोल समेत कई मुद्दों की जांच की गई। प्रशासन के सूत्रों के मुताबिक, मुख्यमंत्री नंदीग्राम के बीएमटी हाई स्कूल और काली-चरणपुर इलाकों में आयोजित दो जनकल्याण शिविर में मौजूद रहेंगे। वहां कई सरकारी परियोजना का उद्घाटन और सर्विस डिलीवरी प्रोग्राम शुरू किए जाने हैं।

## लगभग 5,000 बांग्लादेशी नागरिकों को वापस भेजा गया : सुकांत मजूमदार

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य की भाजपा सरकार में घुसपैठियों को चिह्नित कर बंगाल से बाहर किया जा रहा है। इस मामले में केंद्रीय राज्य मंत्री सुकांत मजूमदार ने कहा कि लगभग 5,000 बांग्लादेशी नागरिकों को वापस भेजा गया है। मीडिया से बातचीत के दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री सुकांत मजूमदार ने कहा कि हमारे मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी पहले ही बता चुके हैं कि लगभग 5,000 लोगों को वापस भेजा गया है। हमारी सरकार ‘पहचान, नाम हटाना और वापस भेजना’ (डिटेक्शन, डिलीशन और डिपोर्टेशन) की नीति अपना रही है। यह प्रक्रिया जारी रहेगी और समय-समय पर मुख्यमंत्री आपको वापस भेजे गए लोगों की संख्या के बारे में भी जानकारी देते रहेंगे।

## गोसाबा एवं हाबरा में तालाब से मछली के बजाय हथियार बरामद

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के गोसाबा क्षेत्र में रविवार को एक तालाब से हथियार बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई है। बताया जा रहा है कि एक व्यक्ति अपनी बेटी के साथ रोज की तरह तालाब में मछली पकड़ने गया था। इसी दौरान लड़की के पैर में पानी के अंदर कोई कठोर वस्तु टकराई। जब उसे बाहर निकाला गया तो प्लास्टिक में लिपटा एक देशी रिवॉल्वर देखकर सभी हैरान रह गए। घटना गोसाबा थाना क्षेत्र के पाठान-खाली बेलतला इलाके की है। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और हथियार को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने आसपास के अन्य तालाबों में भी तलाशी अभियान चलाया, हालांकि वहां से कोई अन्य संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, तालाब के मालिक अमजेद सरदार अपनी बेटी के साथ मछली पकड़ने पहुंचे थे। इसी दौरान यह हथियार मिला। पुलिस का प्राथमिक अनुमान है कि अपराधियों ने पुलिस कार्रवाई से बचने या सबूत मिटाने के उद्देश्य से हथियार को तालाब में फेंक दिया होगा। इधर, उत्तर 24 परगना जिले के हाबरा थाना क्षेत्र के कुमड़ा ग्राम पंचायत के कलतला विश्वासपाड़ा इलाके में भी एक तालाब से हथियार और गोलियां बरामद की गई हैं। सुबह मछली पकड़ने पहुंचे मछुआरों के पैर में एक बैग फंसा। बैग बाहर निकालने पर उसमें प्लास्टिक में लिपटी चार बंदूकें और तीन प्रकार की गोलियां मिलीं। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर हाबरा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और सभी हथियारों को जब्त कर जांच शुरू कर दी है।



इंडोर स्टेडियम में फोरम फॉर दुर्गोत्सव द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में राज्य मंत्री पूर्णिमा चक्रवर्ती शामिल हुईं। इस अवसर पर उन्होंने समाजहित में आयोजित इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए इस प्रकार के आयोजन अत्यंत प्रशंसनीय हैं।

## हावड़ा में फायरिंग के बीच स्वर्ण व्यवसायी से लाखों के गहनों की लूट



**हावड़ा :** हावड़ा के सांकराइल थाना क्षेत्र स्थित रानीहाटी पुरातन बाजार में शनिवार रात हथियारबंद बदमाशों ने एक स्वर्ण व्यवसायी से लाखों रुपये मूल्य के सोने-चांदी के गहने और नकदी लूट ली। वारदात के दौरान बदमाशों ने कई राउंड फायरिंग भी की। पीड़ित कारोबारी का नाम चंदन कनरार है। बताया जा रहा है कि व्यवसायी दुकान बंद कर घर लौटने की तैयारी कर रहे थे, तभी तीन बाइक पर सवार छह बदमाशों ने उन पर हमला कर दिया। आरोप है कि बदमाशों ने पांच राउंड गोलियां चलाईं, जिनमें से एक गोली उनकी बाइक के ऑयल टैंक में लगी। इसके बाद आरोपी गहनों से भरा बैग छीनकर फरार हो गए। पीड़ित व्यवसायी ने बताया कि, लूटे गए बैग में 7 से 8 किलोग्राम चांदी के गहने, 100 से 150 ग्राम सोने के आभूषण और 60 हजार रुपये नकद थे। घटना के बाद सदमे में आए कारोबारी को हृदय संबंधी समस्या होने पर एक निजी अस्प-ताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और आरोपियों की तलाश जारी है।

## सिंगुर भूमि आंदोलन के प्रमुख नेता गिरफ्तार



**हुगली :** सिंगुर कृषि भूमि आंदोलन के प्रमुख नेताओं में से एक तथा सिंगूर पंचायत समिति के उपाध्यक्ष मानिक दास को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, उन्हें वर्ष 2014 के एक मामले में गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में मानिक दास के खिलाफ धोखाधड़ी, दस्तावेजों की जालसाजी, जाली दस्तावेजों को असली के रूप में इस्तेमाल करने, धमकी देने समेत कई धाराओं में मामला दर्ज किया गया था।

बताया गया है कि चंदननगर महकमा अदालत ने मानिक दास के खिलाफ काफी पहले ही गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। राज्य में सरकार बदलने के बाद अब सिंगुर थाने की पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया है। रविवार को उन्हें चंदननगर महकमा अदालत में पेश किया गया। हालांकि गिरफ्तारी के बाद मानिक दास का दावा है कि उन्हें झूठे मामले में फंसाया गया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि साजिश में सत्तारूढ़ दल के ही कुछ लोगों का हाथ है। उन्होंने कहा, अब मेरे पास कहने के लिए कुछ नहीं है। शायद मेरी किस्मत में यही लिखा था। लेकिन उनके खिलाफ साजिश किसने रची, इस बारे में मानिक दास ने किसी का नाम नहीं लिया। उन्होंने केवल इतना कहा कि उन्हें उनकी ही पार्टी के लोगों ने फंसाया है, और जो लोग इसमें शामिल हैं वे भी सिंगुर के ही निवासी हैं।

## श्रीरामपुर में भाजपा ने रखा मोदी सरकार के 12 वर्षों का रिपोर्ट कार्ड

❑ **जनकल्याण से विकास तक की उपलब्धियां गिनाईं**

**हुगली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रविवार को श्रीरामपुर में भारतीय जनता पार्टी की ओर से एक विशेष पत्रकार सम्मेलन एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मोदी सरकार के 12 वर्षों के जनकल्याण, विकास, सुशासन और राष्ट्रीय गौरव से जुड़े कार्यों का विस्तृत लेखाजोखा प्रस्तुत किया गया।



इस अवसर पर उपस्थित श्रीरामपुर के विधायक दीपांजन चक्रवर्ती ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश ने विकास, पारदर्शिता और जनसेवा के क्षेत्र में एक नई पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य किया गया है, जिससे गरीब, किसान, महिला, युवा और वंचित वर्ग सशक्त हुए हैं।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, जनधन योजना, डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसे अभियानों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। साथ ही भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा, मजबूत अर्थव्यवस्था, आधुनिक अवसंरचना और राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में हुए बदलावों का भी उल्लेख किया गया।

भाजपा नेताओं ने कहा कि मोदी सरकार का 12 वर्षों का कार्यकाल केवल योजनाओं और घोषणाओं तक सीमित नहीं रहा, बल्कि करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का माध्यम बना है। उन्होंने दावा किया कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र को धरातल पर उतारने का काम किया गया है।

इस अवसर पर श्रीरामपुर सांगठनिक जिला भाजपा अध्यक्ष सुमन घोष, जिला मीडिया प्रभारी जसवंत सिंह सहित जिला भाजपा के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी, मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के प्रतिनिधि तथा पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में भाजपा नेताओं ने विश्वास जताया कि केंद्र सरकार की जनहितकारी नीतियों और विकासोन्मुखी दृष्टिकोण के कारण देश आने वाले वर्षों में और अधिक सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनेगा।

## आरामबाग केस में बड़ा खुलासा: आरोपी स्वपन कुमार नंदी गिरफ्तार, केरल से दबोचा गया



**हुगली :** रविवार को आरामबाग थाना केस संख्या 222/2026 में वांछित आरोपी स्वपन कुमार नंदी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। विश्वसनीय सूचना के आधार पर और लगातार प्रयासों के बाद हुगली ग्रामीण पुलिस की टीम ने उसे केरल से दबोचने में सफलता हासिल की। इस अभियान का नेतृत्व एसओजी (स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप) हुगली ग्रामीण के प्रभारी (ओसी) ने किया, जबकि पूरी कार्रवाई एसपी, हुगली ग्रामीण के निरंतर निगरानी और मार्गदर्शन में संचालित हुई। गिरफ्तारी के बाद पुलिस टीम आरोपी को लेकर कोलकाता एयरपोर्ट पहुंच चुकी है। अधिकारियों के अनुसार, आरोपी को लगभग दो घंटे के भीतर आरामबाग थाना लाया जाएगा, जहां आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जाएगी। पुलिस सूत्रों का कहना है कि इस गिरफ्तारी को मामले में बड़ी सफलता माना जा रहा है और आगे की जांच में महत्वपूर्ण खुलासे होने की संभावना है।

## महाराजा अग्रसेन धाम ने किया 600 मेधावी प्रतिभाओं को सम्मानित

### देश के सर्वांगीण विकास में अग्रवाल समाज की भूमिका प्रशंसनीय: तापस राय



**कोलकाता :** अग्रसेन महाराज के अनुयायियों की सामाजिकता और उदार भावना ने देश के विकास में बड़ी भूमिका निभाई है। अग्रवाल समाज के लोग बंगाल के विकास में सहभागी रहे हैं और अब नयी सरकार के गठन के बाद राज्य के चतुर्दिक विकास में अपनी भूमिका आगे भी निभाएंगे। सरकार ने औद्योगिक क्षेत्र के साथ-साथ हर क्षेत्र के विकास के सभी बन्द पड़े रास्ते खोल दिए हैं। राज्य में माहौल बदल रहा है, अब खुल कर निवेश किया जा सकता है। युवा प्रतिभाओं का पलायन भी अब बन्द होगा। ये बातें राज्य के उद्योग मंत्री तापस राय ने महाराजा अग्रसेन धाम द्वारा धन-धान्यो के विशाल सभागार में आयोजित अग्र मेधा समारोह में कही। इससे पूर्व सर्वश्री बाल व्यास पं. श्रीकान्त शर्मा, राधेश्याम गोयनका, पद्मश्री सज्जन भजनका, संस्था अध्यक्ष ओम जालान, मंत्री निर्मल सराफ, मुरारीलाल दीवान, अशोक तोदी, सत्यनारायण देवरालिया, शिशिर बाजोरिया, जीएसटी कमिश्नर प्रवीण अग्रवाल, ललित बेरीवाल, अनिल केडिया, दीपक अग्रवाल, दिनेश अड़ूकिया, निरंजन कुमार अग्रवाल, बिरमप्रकाश सुल्तानिया, मीना पुरोहित, अभिनव अग्रवाल, विद्यासागर मंत्री सरीखे विशिष्ट जनों ने दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का श्रीगणेश किया। अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन की छात्राओं ने प्रभावशाली नृत्य प्रस्तुत किया। संस्था अध्यक्ष ओम जालान ने स्वागत सम्बोधन में कहा कि महाराजा अग्रसेन धाम समाज की मेधावी प्रतिभाओं को उच्च शिक्षा हेतु हरसंभव सहयोग के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि अग्रवाल समाज के छात्र-छात्राएं हर क्षेत्र में कड़ी मेहनत करके समाज का नाम रोशन कर रहे हैं। संस्था के मंत्री निर्मल सराफ ने विस्तारपूर्वक संस्था की गतिविधि एवं स्थायी प्रकल्पों की प्रगति की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए कहा कि अग्रसेन धाम द्वारा अग्रवाल समाज के बच्चों की सहायता के लिए यूपीएससी अकादमी भी शुरू कर दी गयी है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, चिकित्सा, सेवा एवं विरासत की संभाल के लिए अग्रसेन धाम की योजनाएं सतत प्रगति पथ पर हैं। उन्होंने जानकारी दी कि बागनान स्थित धाम परिसर में मां महालक्ष्मी का भव्य मंदिर निर्मित होने जा रहा है। इस अवसर पर समाज के विविध क्षेत्रों के विशिष्ट जन उपस्थित थे। इस अवसर पर बालव्यास आचार्य श्रीकान्त शर्मा ने भी प्रेरणा पाथेय प्रदान किया।

माध्यमिक, उच्च माध्यमिक से लेकर सीए, सीएस, एमबीए, एमबीबीएस, इंजीनियरिंग आदि क्षेत्रों के लगभग 650 छात्र-छात्राओं को अतिथियों के कर-कमलों से सम्मान प्रदान किए गए। इस अवसर पर सर्वश्री कुंजबिहारी अग्रवाल, बृजमोहन गाड़ोदिया, कैलाश कयाल, रमेश सोंथलिया, विवेक अड़ूकिया, पवन माधोगढ़िया, श्यामसुन्दर अग्रवाल, प्रभात मित्तल, सुशील अग्रवाल (प्रगति एग्रो), सुशील हीरावत, डा. मनोज कुमार अग्रवाल, हेरिटेज स्कूल के सीईओ प्रदीप अग्रवाल, सीए इंस्टीट्यूट के पूर्व अध्यक्ष सीए रणजीत कुमार अग्रवाल, सीडबल्यूबीटीए के अध्यक्ष सुशील पोद्दार, विजय गाड़ोदिया, मनोज बगड़िया, मुकेश गोयल, अनिल गोयल, अनिल खेमका, नरेश जालान, बलदेव केड़िया गोवर्धन कोडिया, अनिल सरायवाला, सुरेंद्र अग्रवाल, हेमचंद गोयनका, 35 एमएम चैनल के अशोक अग्रवाल, सीए मयूर अग्रवाल, डा. विकास अग्रवाल, अग्रसेन स्कूल के प्रधानाचार्य सरोज कुमार श्रीवास्तव, अग्रसेन ब्वायज स्कूल की प्राधानाचार्य अबीरा दास सहित कई विशिष्ट जन उप-स्थित थे।

आयोजन की सफलता हेतु निरंजन कुमार अग्रवाल, बजरंग अग्रवाल, अशोक चूड़ीवाला, महेश भुवालका, नवीन टिकमानी, रोशन अग्रवाल, मनोज बंका, शिल्पा अग्रवाल महिला समिति की सुमन जालान, सरिता सराफ, निर्मला अग्रवाल, सुनीता बगड़िया, स्वाति अग्रवाल, प्रेम क्याल, बीना चूड़ीवाला, बबीता दीवान, ममता केडिया, सुलेखा बगड़िया, सरिता हीरावत सहित संस्था के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सक्रिय थे। कार्यक्रम का प्रभावशाली मंच संचालन प्रकाश चण्डालिया ने किया।

## मालगाड़ी की चपेट में आने से दो युवकों की मौत

**पूर्व मेदिनीपुर :** पूर्व मेदिनीपुर जिले के महिषादल इलाके में मालगाड़ी की चपेट में आने से दो युवकों की मौत हो गई। मृतकों के नाम महिषादल ब्लॉक के उत्तर चांपी गांव निवासी शेख सोनू (37) और शेख अली (35) है। जानकारी के अनुसार, शनिवार शाम अपने अन्य दोस्तों के साथ रोज की तरह रेलवे लाइन के पास बैठकर बातचीत करने गए थे। बताया जाता है कि दोनों देर रात सतिश सामंत हॉल्ट और महिषादल स्टेशन के बीच रेलवे ट्रैक के सहारे घर लौट रहे थे। इसी दौरान एक मालगाड़ी की चपेट में आने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा इतना भीषण था कि शेख सोनू की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, गंभीर रूप से घायल शेख अली को रेलवे पुलिस ने घटनास्थल से बरामद कर अस्पताल पहुंचाया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई।

## बंगाल में भारत-नेपाल सीमा के पास एसएसबी ने बांग्लादेशी नागरिक को पकड़ा

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के उत्तरी इलाके में रविवार को भारत-नेपाल सीमा के पास सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने एक बांग्लादेशी नागरिक को पकड़ा। नंदन दास नाम के इस व्यक्ति को पानीटंकी में बीआईटी ओल्ड ब्रिज पर रूटीन चेकिंग के दौरान पकड़ा गया। उसके पास भारत में घुसने के लिए जरूरी कागजात नहीं थे। एसएसबी के एक अधिकारी ने बताया कि यह व्यक्ति अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगभग 350 मीटर दूर, बॉर्डर पिलर नंबर 90 के पास पकड़ा गया। उसे रूटीन चेकिंग और तलाशी के दौरान पकड़ा गया। उसके पास से एक बांग्लादेशी पासपोर्ट, बांग्लादेश से नेपाल का एयरलाइन बोर्डिंग पास, एक मोबाइल फोन, दो बांग्लादेशी सिम कार्ड, एक नेपाली सिम कार्ड और 2,580 रुपए की भारतीय मुद्रा जब्त की गई। दास बांग्लादेश के मदारिपुर जिले के शिबचर में उमेदपुर गांव का निवासी है। अधिकारी ने कहा कि पूछताछ के दौरान, दास ने दावा किया कि वह एक बांग्लादेशी नागरिक है और 1 फरवरी को एक एजेंट की मदद से काठमांडू (नेपाल) गया था, जिसने उसे सर्बिया में नौकरी दिलाने का वादा किया था। उसने बताया कि उसने एजेंट को 3-5 लाख रुपए दिए थे, जिसके बाद एजेंट भाग गया। वीजा की अवधि खत्म होने के बाद, नंदन दास ने नेपाल के पोखरा में नौकरी कर ली। पोखरा में दो महीने काम करने के बाद, उसने भारत के रास्ते बांग्लादेश लौटने का फैसला किया। कुछ अधिकारियों को शक है कि नंदन दास ने जान-बूझकर भारत में प्रवेश किया और एसएसबी जवानों के सामने खुद को सौंप दिया, क्योंकि उसे पता था कि बांग्लादेशी घुसपैठियों को उनके देश वापस भेजा जा रहा है। उसे ’फॉरेनर्स एक्ट’ के तहत आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए पुलिस को सौंप दिया गया है।



**NAME CHANGE**

I, Ravindra Kumar Banthiya DOB 12/01/1950 S/O Late Burdhman Banthiya Residing at AL/1/A/41, Street Number 16, Action Area-I, Newtown Rajarhat, North 24 Parganas – 700156, P.S Newtown do hereby declare that Ravindra Kumar Banthiya and Ravindra Kumar Jain Banthiya is the same and one identical person by virtue of Affidavit No. 945 dated 11.06.2026 before Ld. Judicial Magistrate (1st class) at Kolkata.

---

I, Annu Tiwari Singh W/o Pankaj Kumar Singh, resident of 68A, Malanga Lane, Bowbazar, Kolkata- 700012, do hereby declare that I have changed my name from Annu Tiwari Singh to Annu Kumari Tiwari and henceforth I shall be known as Annu Kumari Tiwari in all purpose, and Annu Tiwari Singh and Annu Kumari Tiwari is same and one identical person vide affidavit no. 29AC 407134 sworn before the Notary Public at Kolkata on 10/06/2026.

## सोदपुर में छह मंजिला इमारत से गिरकर महिला की मौत, इलाके में सनसनी

**कोलकाता, समाज्ञा**



उत्तर 24 परगना के सोदपुर स्थित रासमणि मोड़ इलाके में रविवार को एक छह मंजिला आवासीय इमारत से गिरकर एक महिला की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, मृतका की पहचान मौसमी नाइया(28) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह किसी काम से बिल्डिंग की छत पर गई थीं। इसी दौरान वह छत से नीचे गिर गईं। गंभीर रूप से घायल अवस्था में उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। फिलहाल यह पता नहीं चल पाया कि यह दुर्घटना थी या इसके पीछे कोई अन्य कारण है। पुलिस पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। इस घटना ने हाल ही में हैदराबाद में हुई एक दर्दनाक घटना की याद भी ताजा कर दी है, जहां एक आईटी कर्मचारी महिला ने अपनी छह महीने की बच्ची को गोद में लेकर सातवीं मंजिल से छलांग लगा दी थी। उस घटना में महिला की मौत हो गई थी, जबकि बच्ची सुरक्षित बच गई थी। सोदपुर की घटना को लेकर पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है।



### विदेश में भारतीयों की मौत पर प्रधानमंत्री मोदी ने ट्रंप की निंदा नहीं की: ओवैसी

**बहराइच (उप्र):** एआईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने रविवार को यहां मटेरा विधानसभा क्षेत्र में आयोजित एक जनसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि ईरान-ओमान के बीच समुद्री क्षेत्र में भारतीय नागरिकों की मौत के बावजूद प्रधानमंत्री ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की निंदा नहीं की। जिला मुख्यालय से लगभग 40 किलोमीटर दूर मुस्लिम बहुल क्षेत्र शंकरपुर चौराहे पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए ओवैसी ने कहा, ''तीन भारतीय नागरिक मारे गए, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जुबान पर डोनाल्ड ट्रंप का नाम नहीं आया।'' उन्होंने आरोप लगाया, ''ट्रंप और नेतन्याहू ने मिलकर इस जंग का आगाज किया है।'' अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रम का जिक्र करते हुए ओवैसी ने कहा कि भारत सरकार को विदेशों में फंसे भारतीयों और मृतकों के परिजनों के प्रति अधिक संवेदनशील होना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि एक भारतीय नाविक का शव दो दिन से विदेश में पड़ा है और उसके परिजन मदद की गुहार लगा रहे हैं। उत्तर प्रदेश की राजनीति पर ओवैसी ने कहा कि उनकी पार्टी ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) आगामी विधानसभा चुनाव में राजनीतिक हिस्सेदारी और प्रतिनिधित्व की लड़ाई लड़ेगी।

### उत्तर प्रदेश: सर्वोदय विद्यालयों और छात्रावासों में हर पेड़ की होगी डिजिटल पहचान

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के समाज कल्याण विभाग ने एक अभिनव पहल के तहत अपने सभी जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों, आश्रम पद्धति विद्यालयों, छात्रावासों और अन्य संस्थानों में मौजूद पेड़ों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए वृक्ष परिसंपत्ति प्रबंधन व्यवस्था लागू करने का निर्णय किया है। यहां जारी एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, इस व्यवस्था के तहत प्रत्येक पेड़ को एक अनूठी पहचान संख्या प्रदान की जाएगी जिससे उसकी निगरानी, संरक्षण और प्रबंधन अधिक प्रभावी ढंग से किया जा सकेगा। इस संबंध में समाज कल्याण विभाग के अनुराग यादव ने आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं।

### अयोध्या में पति की अंत्येष्टि के कुछ घंटे बाद पत्नी की मौत

**अयोध्या (उप्र):** उत्तर प्रदेश के अयोध्या में रविवार को 80 वर्षीय व्यक्ति की अंत्येष्टि के कुछ ही घंटे बाद उसकी पत्नी की भी मौत हो गई। रेवली गांव के निवासियों ने बताया कि रविवार तड़के अंतिम सांस लेने वाले भगवान तिवारी का सुबह अंतिम संस्कार किया गया जबकि कुछ ही घंटे बाद उनकी पत्नी ने भी दुनिया को अलविदा कह दिया। एक ही दिन पति और पत्नी के निधन से परिवार शोक में है। भगवान तिवारी की अंत्येष्टि की जा रही थी, तो किसी ने भी सोचा नहीं था कि कुछ ही घंटों बाद उनकी पत्नी की भी उसी घर से अंतिम यात्रा निकलेगी। ग्रामीणों के मुताबिक, तिवारी की अंत्येष्टि पूर्वाह्न 11 बजे की गई, जबकि दोपहर में उनकी पत्नी का स्वास्थ्य बिगड़ने लगा और परिजन के कुछ समझने से पहले ही उन्होंने दम तोड़ दिया।

### मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**लखनऊ:** मेरठ में स्थित मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर और डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया शुरू कर दी है। रविवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। अभ्यर्थी 10 जुलाई तक विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रदेश के खिलाड़ी और खेल क्षेत्र में करियर बनाने की इच्छा रखने वाले युवा आवेदन कर सकते हैं। इस वर्ष से विश्वविद्यालय में तीन वर्षीय 'बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स' (बीपीईएस) और बीएससी योग पाठ्यक्रम में प्रवेश दिए जाएंगे। इसके साथ ही दो वर्षीय एमएससी योग कार्यक्रम में भी दाखिले होंगे। खेल क्षेत्र में नए अवसरों को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय ने 'स्पोर्ट्स जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन' में एक वर्षीय पीजी डिप्लोमा कोर्स भी शुरू किया है।

## उत्तर प्रदेश की छवि बदली, लोग अब जय श्री राम कहकर अभिवादन करते हैं: योगी



गोरखपुर (उप्र): उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि पिछले नौ वर्षों में प्रदेश की छवि तेजी से बदली है और राज्य के लोग अब जय श्री राम कहकर अभिवादन करते हैं और देशभर में उनका सम्मान होता है। गोरखपुर में 926 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास के बाद सभा को संबोधित करते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश बीमारू तमगे से उबर कर राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था का इंजन बना है। उन्होंने कहा, उत्तर प्रदेश जहां आप रह रहे हैं, अब इसके सामने पहचान का संकट नहीं है। लोग अब आपका सम्मान करते हैं। आज उत्तर प्रदेश बदला है। इस राज्य ने एक नयी पहचान हासिल की है। अब लोग आपको संदेह की नजर से नहीं देखते। मुख्यमंत्री ने कहा, उत्तर प्रदेश का नागरिक देश में जहां भी जाता है, लोग जय श्री राम कहकर उसका अभिवादन करते हैं। अब प्रदेश के निवासियों को देशभर में गर्व के साथ पहचाना जाता है। उन्होंने कहा, आप कहीं भी जाएं- उत्तर, दक्षिण, पूरब या पश्चिम और आपको पहचाना जाएगा। आज उत्तर प्रदेश के 25 करोड़ लोग अपनी पहचान आगे करके गर्व के साथ यात्रा करते हैं। मुख्यमंत्री ने इसका श्रेय ढांचागत विकास को देते हुए कहा कि इस प्रदेश में अब देश का सर्वोत्तम एक्सप्रेसवे नेटवर्क है, तेजी से रेलवे प्रणाली, हवाई संपर्क, मेट्रो परियोजनाओं का विस्तार हो रहा है। उन्होंने कहा, नए बिजली संयंत्र लग रहे हैं, उद्योगों की स्थापना की जा रही है और आधुनिक प्रौद्योगिकी पूरे प्रदेश में लागू की जा रही है। यह नए भारत का नया यूपी है।

### मुख्यमंत्री ने गोरखपुर, आजमगढ़ में पीडब्ल्यूडी परियोजनाओं की समीक्षा की



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर और आजमगढ़ मंडलों में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की परियोजनाओं की समीक्षा की और अधिकारियों को सड़क निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग को जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तावित परियोजनाओं को प्राथमिकता देने तथा उनसे संबंधित सभी आवश्यक स्वीकृतियां जून के अंत तक पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से मानसून शुरू होने से पहले पूरी की जाने वाली परियोजनाओं पर विशेष ध्यान देने और स्थल निरीक्षणों तथा तकनीक-आधारित निगरानी तंत्र के माध्यम से नियमित निगरानी सुनिश्चित करने को कहा। बयान में कहा गया है कि आदित्यनाथ ने निर्माण स्थलों पर सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने के साथ-साथ सभी परियोजनाओं में गुणवत्ता बनाए रखने पर भी जोर दिया। मुख्यमंत्री ने देवरिया में निर्माणाधीन मोहन सेतु पुल की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को इसके कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

## न्यूज अपडेट

### कांग्रेस और सपा का अब न कोई ठौर है, न ठिकाना: केशव प्रसाद मौर्य



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) पर निशाना साधते हुए कहा कि जनता के बीच इन दोनों की पैठ इतनी कमजोर हो चुकी है कि अब न इनका कोई ठौर है, न ठिकाना। मौर्य ने रविवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'कांग्रेस के नेता राहुल गांधी 2029 के लिए मुंगेरी लाल के हसीन सपने देख रहे हैं, जबकि देश 2047 के विकसित भारत के संकल्प के साथ तेज़ी से आगे बढ़ रहा है।' उन्होंने कहा, 'जनता परिवारवाद, तुष्टीकरण और खोखले वादों की राजनीति की असलियत पहचान चुकी है। देश ने विकास, सुशासन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मजबूत एवं निर्णायक नेतृत्व पर बार-बार अपना अटूट विश्वास जताया है।' उप मुख्यमंत्री ने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा 'आज कांग्रेस अपनी खोई हुई 'सियासी जमीन' तलाश रही है और सपा उत्तर प्रदेश में अपना अस्तित्व बचाने के लिए 'हांफ' रही है।' मौर्य ने दावा किया, 'जनता के बीच इन दोनों की पैठ इतनी कमज़ोर हो चुकी है कि अब न इनका कोई ठौर है, न ठिकाना।'' उन्होंने कहा, 'ऐसे में इनके द्वारा सत्ता की बातें करना बिल्कुल वैसा है, जैसे कोई बिना पतवार की फूटी नाव पर बैठकर समंदर जीतने का मुगालता पाले।'

### झारखंड: राज्यसभा चुनाव में भाकपा माले के विधायक 'इंडिया' गठबंधन के पक्ष में मतदान करेंगे

**रांची:** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा)-मार्क्सवादी लेनिनवादी (माले) लिबरेशन के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने रविवार को कहा कि पार्टी के दोनों विधायक झारखंड में 18 जून को होने वाले राज्यसभा चुनाव में 'इंडिया' गठबंधन के पक्ष में मतदान करेंगे। भट्टाचार्य ने यह भी आरोप लगाया कि निर्दलीय उम्मीदवार का समर्थन करने की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की 'चाल' नाकाम हो जाएगी। झारखंड में राज्यसभा की दो सीट के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) उम्मीदवार बैद्यनाथ राम, कांग्रेस उम्मीदवार प्रणव झा और भाजपा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार परिमल नथवानी चुनाव लड़ रहे हैं। भट्टाचार्य ने पत्रकारों से कहा,''राज्य में राज्यसभा चुनाव में भाकपा (माले) लिबरेशन के वोट 'इंडिया' गठबंधन के उम्मीदवार के पक्ष में जायेंगे। हमारे (दोनों) विधायक पार्टी के इसी के अनुसार मतदान करेंगे।'' उन्होंने बताया कि चुनाव के लिए दो एजेंट भी नियुक्त किए गए हैं। भट्टाचार्य ने कहा, ''हमें उम्मीद है कि भाजपा द्वारा परिमल नथवानी को निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में उतारने की रणनीति विफल हो जाएगी और विधायक उनके खिलाफ मतदान करेंगे।'' उन्होंने कहा कि भाजपा नीत राजग के पास राज्य विधानसभा में नथवानी को चुनाव जिताने लायक संख्या बल नहीं है, जब तक कि मतदान के दौरान विपक्षी विधायकों द्वारा क्रॉस-वोटिंग ना हो। चुनाव जीतने के लिए किसी उम्मीदवार को कम से कम 28 प्रथम वरीयता वोट हासिल करने जरूरी हैं। झारखंड विधानसभा में 'इंडिया' गठबंधन के कुल 56 सदस्य हैं, जिनमें झामुमो के 34, कांग्रेस के 16, राष्ट्रीय जनता दल के चार और भाकपा (माले) लिबरेशन के दो विधायक शामिल हैं।

### राम मंदिर दान विवाद: एसआईटी गठन के फैसले का नृपेंद्र मिश्र ने स्वागत किया

**अयोध्या (उप्र):** राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने राम मंदिर ट्रस्ट के चंदे में कथित अनियमितताओं की जांच के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित किए जाने के फैसले का रविवार को स्वागत किया और इसे एक अहम कदम बताया। यहां सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत के दौरान मिश्र ने कहा,' एसआईटी का गठन सरकार की तत्परता को दिखाता है और यह एक अहम कदम है।' फैजाबाद से समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद अवधेश प्रसाद ने जांच पूरी होने तक न्यास के सभी मौजूदा सदस्यों को हटाए जाने की यह कहते हुए मांग की कि वे जांच को प्रभावित करेंगे। प्रसाद ने राज्य सरकार द्वारा गठित एसआईटी पर अविश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि इस मामले की जांच उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों द्वारा कराई जानी चाहिए। राम मंदिर आंदोलन के प्रमुख नेता और पूर्व भाजपा सांसद विनय कटियार ने कहा कि चोरी के मामले की जांच की जा रही है और यह एक गंभीर मामला है। उन्होंने कहा, लोगों ने इस मंदिर के लिए अपना जीवन बलिदान किया है। हमारे जैसे लोग, कल्याण सिंह (उप्र के पूर्व मुख्यमंत्री) सभी जेल गए। कल्याण सिंह ने मुख्यमंत्री पद से केवल इसलिए इस्तीफा दे दिया था कि मंदिर का निर्माण शुरू हो।

### मुंडेश्वरी मंदिर और राजगीर के लिए सब्सिडी वाली हेलीकॉप्टर सेवाएं शुरू करें अधिकारी:सम्राट चौधरी



**पटना:** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को संबंधित अधिकारियों से कहा कि वे मुंडेश्वरी मंदिर, करकटगढ़ जल प्रपात और राजगीर जैसे लोकप्रिय पर्यटन स्थलों के लिए जल्द से जल्द सब्सिडी वाली हेलीकॉप्टर सेवाएं शुरू करें। पर्यटन विभाग की एक उच्च-स्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को राजगीर को आध्यात्मिक शिक्षा के वैश्विक केंद्र के रूप में विकसित करने के काम में तेजी लाने का भी निर्देश दिया। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) के एक बयान में कहा गया है, 'मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि बिहार को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर लाना जरूरी है। इसके लिए बुनियादी ढांचा को मजबूत करने तथा धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों को विकसित करने की आवश्यकता है। उन्होंने निर्देश दिया कि राजगीर, गया और नालंदा में जारी परियोजनाओं को तय समय के अंदर पूरा किया जाए।'

### उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था लगातार बेहतर हुई, अपराधियों के हौसले पस्त हुए: डीजीपी



वाराणसी (उप्र): उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्ण ने रविवार को कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति में काफी सुधार हुआ है और अपराधियों में वह हौसला अब नहीं रहा, जो पहले हुआ करता था। वाराणसी दौरे के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए कृष्ण ने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस उन असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रख रही है, जो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से भय का माहौल बनाने और खुद को प्रभावशाली व्यक्ति के रूप में पेश करने की कोशिश करते हैं। डीजीपी ने कहा, मैं सोशल मीडिया पर खुद को बाहुबली दिखाकर लोगों को डराने-धमकाने की कोशिश करने वालों को स्पष्ट चेतावनी देता हूं। पुलिस सोशल मीडिया के जरिए मोहल्ला स्तर तक असामाजिक तत्वों पर नजर रख रही है। ऐसे प्लेटफॉर्मों के माध्यम से गैरकानूनी गतिविधियों में लिप्त पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अयोध्या राम मंदिर से जुड़ी कथित अनियमितताओं के संबंध में पूछे गए सवालों पर डीजीपी ने कहा कि धार्मिक संस्थानों के अपने ट्रस्ट और प्रशासनिक तंत्र होते हैं तथा जब भी कोई औपचारिक शिकायत प्राप्त होती है, पुलिस कार्रवाई शुरू करती है।

### विपक्षी गठबंधन को राहुल गांधी को चेहरा बनाकर प्रस्तुत करना चाहिए: गहलोत



**जयपुर:** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने रविवार को कहा कि विपक्षी गठबंधन को कांग्रेस नेता राहुल गांधी को चेहरा बनाकर प्रस्तुत करना चाहिए। उन्होंने कहा कि 'इंडिया' गठबंधन को उनके नेतृत्व को खुले तौर पर स्वीकार करना चाहिए और देश के सामने मोदी तथा राहुल गांधी के बीच स्पष्ट राजनीतिक मुकाबला होना चाहिए। गहलोत ने यह भी कहा कि अब समय आ गया है कि मुकाबला भाजपा बनाम सब होना चाहिए, न कि कांग्रेस बनाम सब। उन्होंने दावा किया कि यदि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी आज सत्ता में होतीं तो धर्म के नाम पर राजनीति करने वाले भाजपा जैसे दल पर प्रतिबंध लगा देतीं। जयपुर में एक पुरस्कार समारोह को संबोधित करते हुए गहलोत ने कहा कि इंडिया गठबंधन को मजबूत करने की आवश्यकता है और इसमें सबसे बड़ी जिम्मेदारी कांग्रेस की है क्योंकि वह गठबंधन की सबसे बड़ी पार्टी है।

### हम शांति चाहते हैं, लेकिन अशांति फैलाने वालों को शांत करना जानते हैं: राजनाथ



**आगरा (उप्र):** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को जोर देकर कहा कि भारत शांतिप्रिय देश है, लेकिन यह अपनी सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करने वालों से अच्छी तरह से निपटने में पूर्ण रूप से सक्षम है। यहां महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद सभा को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा, हम शांति चाहने वाले लोग हैं, लेकिन जो लोग अशांति फैलाते हैं, उन्हें स्थायी रूप से शांत करना हमें आता है। राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर उन्होंने पूर्ववर्ती कांग्रेस नीत सरकार की यह कहते हुए आलोचना की कि 2014 से पहले आतंकवादी हमले आम थे और उस समय के राजनेता आतंकवाद के प्रति नरम रवैया अपनाते थे। उन्होंने कहा, आज हमारे सशस्त्र बलों को पूरी स्वतंत्रता है। यदि कोई आतंकवादी हमला होता है तो आतंकवादियों को खत्म कर दिया जाता है। यदि उन्हें खत्म करने के लिए सीमा पार करना आवश्यक है तो यह भी किया जाना चाहिए। अर्थव्यवस्था को लेकर सिंह ने कहा कि भारत फिलहाल विश्व की सबसे तेजी से प्रगति कर रही अर्थव्यवस्था वाला देश है और यह एक प्रमुख विनिर्माण स्थल के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा, आईफोन का विनिर्माण भारत में किया जा रहा है और पूरे विश्व को इसकी आपूर्ति की जा रही है। वर्ष 2014 से पहले निराश और हताश रहा भारत अब उम्मीद, ऊर्जा, विश्वास और संकल्प से परिपूर्ण है। सिंह ने कहा, इस बदलाव के पीछे का कारण लोगों का विश्वास और इस सरकार का सही इरादा एवं नीतियां हैं। महाराणा प्रताप को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि महान शासक की बहादुरी और बलिदान किसी सरकार या इतिहासकार की मंजूरी की मोहताज नहीं है। सिंह ने कहा, अकबर चला गया, मुगल चले गए और यहां तक कि उनके वंशज भी इतिहास के पन्नों में खो गए। लेकिन महाराणा प्रताप हर भारतीय के दिल में बसे हुए हैं। महाराणा प्रताप को सिर्फ एक राजा से कहीं बढ़कर बताते हुए सिंह ने कहा कि उन्होंने एक ऐसे भारत का प्रतिनिधित्व किया जो आत्म सम्मान और मूल्यों से कभी समझौता नहीं करता। सिंह ने कहा कि उन्होंने हर मुश्किल का सामना किया, लेकिन मुगलों के सामने कभी नहीं झुके। रक्षा मंत्री ने कहा कि अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए उन्होंने हल्दीघाटी की पीली मिट्टी को दुश्मनों के खून से लाल कर दिया। सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन यह शिक्षा देता है कि राष्ट्र और इसके लोगों की गरिमा से अधिक महत्वपूर्ण कुछ भी नहीं है।

### झारखंड: पुलिस ने लापता तीन बच्चों का सुराग देने पर 50,000 रुपये का इनाम घोषित किया

**रांची:** झारखंड पुलिस ने उन तीन बच्चों का सुराग देने वाले को 50,000 रुपये का इनाम देने की घोषणा की है जो रांची के धुर्वा इलाके स्थित अपने घरों से लापता हो गए थे। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। ये तीनों बच्चे पिछले 14 दिनों से धुर्वा इलाके से लापता हैं। लापता जुड़वां भाइयों के माता-पिता ने इस संबंध में एक जून को धुर्वा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। हटिया के पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) नीरज कुमार ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, तीनों बच्चे अपने घरों से लापता हुए थे और उनका अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। हमने उनके बारे में जानकारी देने वाले को 50,000 रुपये का इनाम देने की घोषणा की है। पुलिस को जुड़वां भाइयों में से एक के ओडिशा के पुरी जिले में होने का सुराग मिला है, जिसकी पुष्टि के लिए एक टीम को वहां भेजा गया है। उन्होंने बताया कि कई थानों को सतर्क कर दिया गया है और पुलिस बच्चों की तलाश में विभिन्न स्थानों पर छापेमारी भी कर रही है।

### बिहार: नीट और अन्य परीक्षाओं के फर्जी प्रश्न-पत्र बेचने के आरोप में चार लोग गिरफ्तार



**मुजफ्फरपुर:** बिहार पुलिस ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट)-स्नातक (यूजी) समेत विभिन्न परीक्षाओं के फर्जी प्रश्नपत्र अभ्यर्थियों और उनके अभिभावकों को बेचने के आरोप में मुजफ्फरपुर जिले से चार लोगों को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को दी। अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान हर्ष, अमन कुमार, कन्हैया कुमार और हर्ष कनोडिया के रूप में हुई है। पुलिस ने चारों आरोपियों को शनिवार शाम गिरफ्तार कर उनके पास से तीन मोबाइल फोन बरामद किए। मुजफ्फरपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्रा ने रविवार को पत्रकारों को बताया, ''गिरफ्तार आरोपी एक ऐसे गिरोह का हिस्सा हैं, जो नीट सहित विभिन्न परीक्षाओं के फर्जी प्रश्नपत्र बेचकर परेशान और चिंतित अभिभावकों को ठगता था। इसके लिए वे सोशल मीडिया मंचों का इस्तेमाल करते थे।'' उन्होंने बताया, ''इसी तरह के आरोप में दो जून को सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के बालू घाट इलाके से गिरफ्तार किए गए मनीष झा की ओर से दी गई जानकारी के आधार पर पुलिस ने शनिवार को उसके चार साथियों को भी गिरफ्तार कर लिया।' पुलिस के अनुसार, पूछताछ और आरोपियों के कथित कबूलनामे से पता चला कि वे सोशल मीडिया मंच के जरिए अभ्यर्थियों को यह दावा करके झांसे में लेते थे कि वे उन्हें परीक्षा के प्रश्नपत्र उपलब्ध करा सकते हैं। अधिकारी ने बताया, 'आरोपी, लोगों से बैंक खातों में ऑनलाइन रुपये मंगवाते थे और बाद में यह रकम मनीष झा को पहुंचा देते थे।'

### लखनऊ में रेल पटरी पर रखा दिखा लोहे का फ्रेम, ट्रेन के लोको पायलट की सूझबूझ से टला हादसा



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में दिलकुशा के पास रेलवे ट्रैक पर लोहे का भारी फ्रेम रखा होने के कारण एक यात्री ट्रेन के चालक को आपातकालीन ब्रेक लगाना पड़ा, जिससे बड़ा हादसा टल गया। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ट्रेन नंबर 13006 पंजाब मेल के लोको पायलट ने सूझबूझ दिखाते हुए आपातकालीन ब्रेक लगाए, जिससे जानमाल का नुकसान नहीं हुआ। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक, घटना शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे हुई थी। उन्होंने बताया कि ट्रेन जब आगे बढ़ रही थी तभी लोको पायलट ने पटरी पर लोहे का भारी फ्रेम पड़ा देखा, जो किसी दरवाजे का हिस्सा लग रहा था। अधिकारियों के मुताबिक पायलट ने तुरंत इमरजेंसी ब्रेक लगाए, हालांकि ट्रेन की गति कम होने के बावजूद इंजन फ्रेम से टकरा गया, लेकिन कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने पर रेलवे और रेलवे पुलिस बल (आरपीएफ) के कर्मचारी घटनास्थल पर पहुंचे और इंजन से लोहे का टुकड़ा हटाया। साथ ही जांच के लिए फ्रेम को जब्त कर लिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि रेलवे की लिखित शिकायत पर कैंटोनमेंट थाने में रेलवे अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। कैंट थाने की प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) गुरप्रीत कौर ने बताया कि पुलिस और सर्विलांस टीम आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही हैं और सभी संभावित पहलुओं की जांच की जा रही है।

## असम में विमान हादसे में जान गंवाने वाले बिहार के दो वायुसेनाकर्मियों के घरों में पसरा मातम



**पटना:** असम में भारतीय वायुसेना के एंटोनोव एएन-32 परिवहन विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से जान गंवाने वाले पांच सैन्यकर्मियों में बिहार के जहानाबाद के 'फ्लाइट लेफ्टिनेंट' शुभम कुमार और भोजपुर के अग्निवीरवायु दानिश आलम भी शामिल थे। उनके परिजनों के पास अब आखिरी वीडियो कॉल और तस्वीरें ही यादों के रूप में बची हैं। परिजनों के अनुसार, जहानाबाद जिले के बनवरिया गांव निवासी शुभम कुमार ने शनिवार सुबह करीब नौ बजे अपनी मां से वीडियो कॉल पर बात की थी। परिवार के एक सदस्य ने बताया कि शुभम खुश नजर आ रहे थे। उन्होंने कहा था कि वह जल्दबाजी में हैं और बाद में विस्तार से बात करेंगे। शुभम के छोटे भाई सत्यम ने बताया कि परिवार को सुबह करीब 11 बजे विमान दुर्घटना की जानकारी मिली, लेकिन शुरुआत में इस पर विश्वास करना मुश्किल था। उन्होंने कहा कि जब मोबाइल फोन पर उनसे संपर्क करने के कई प्रयास विफल हो गए और अधिकारियों ने हादसे की पुष्टि की, तब परिवार को सच्चाई का एहसास हुआ। शुभम के पिता किसान और मां गृहिणी हैं। शुभम कुमार का भारतीय वायुसेना में सेवा देने का सपना 2021 में तब पूरा हुआ, जब उनका चयन 'फ्लाइंग ऑफिसर' के रूप में हुआ था। परिजनों ने बताया कि हाल में उनकी शादी की बातचीत शुरू हुई थी, लेकिन उन्होंने यह कहते हुए इसे टाल दिया था कि फिलहाल करियर और सेवा संबंधी जिम्मेदारियां उनकी प्राथमिकता में हैं। गांव के लोग उन्हें एक विनम्र युवक के रूप में याद करते हैं, जो छुट्टियों में घर आने पर सभी से आत्मीयता से मिलते थे। ग्रामीण अब उनके पार्थिव शरीर के गांव पहुंचने का इंतजार कर रहे हैं। भोजपुर जिले के कायमनगर गांव में दानिश आलम के परिजन भी उनकी एक तस्वीर को आखिरी याद के रूप में संजोए हुए हैं, जो उन्होंने शनिवार सुबह विमान के भीतर से भेजी थी। दानिश की मां अख्तरी बेगम ने बताया, 'शुक्रवार शाम हमारी उससे वीडियो कॉल पर बात हुई थी और वह काफी खुश था। शनिवार सुबह उसने विमान के अंदर बैठे हुए अपनी एक तस्वीर भेजी थी। बाद में हम आरा बाजार गए थे और वहीं हमें हादसे की सूचना मिली। इसके बाद हम तुरंत घर लौट आए।' दानिश अख्तरी बेगम का इकलौता बेटा था। बेगम की दो बेटियां हैं। अख्तरी बेगम ने कहा, 'भारतीय वायुसेना में सेवा देना उनके बेटे का सपना था। दानिश ने अपनी पढ़ाई की योजना खुद बनाई और अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत की।' दोस्तों और पड़ोसियों ने उन्हें एक ऐसे युवा के रूप में याद किया, जो अपने परिवार की उम्मीदों का सहारा था। दानिश के मित्र सुजीत तिवारी ने शोकाकुल परिवार को आर्थिक सहायता दिए जाने की मांग की।

## पटना के पास भीड़ ने रेल यातायात बाधित किया, पुलिस ने हवा में गोली चलाई और आंसू गैस के गोले छोड़े



**पटना:** प्रतियोगी परीक्षा के लिए पर्याप्त संख्या में ट्रेन उपलब्ध न होने का आरोप लगाते हुए भीड़ ने पटना के बाहरी इलाके में रेलवे यातायात बाधित कर दिया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने हवा में गोलियां चलाईं, आंसू गैस के गोले छोड़े और लाठीचार्ज किया। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। पाटलिपुत्र स्टेशन पर हुए उपद्रव के मामले में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है और इसमें शामिल अन्य लोगों की तलाश जारी है। वहां हुई पथराव की घटना में सुरक्षाकर्मी और रेलवे अधिकारी भी घायल हो गए थे। पूर्व मध्य जोन (जिसकी सेवाएं बिहार के बड़े हिस्से में उपलब्ध हैं) के रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के प्रभारी महानिरीक्षक अमरेश कुमार के अनुसार, यह घटना आधी रात के आसपास हुई, जब प्रतियोगी परीक्षाओं के छात्र होने का दावा कर रहे 200 से अधिक युवक पाटलिपुत्र स्टेशन पहुंचे। आईजी ने कहा, रविवार को होने वाली आबकारी विभाग की परीक्षाओं के लिए ट्रेन छात्रों को राज्य के अलग-अलग हिस्सों में ले जा रही थीं। उपद्रवियों ने आरोप लगाया कि व्यवस्थाएं पर्याप्त नहीं हैं और वे पटरियों पर बैठ गए तथा अपने गंतव्य तक समय पर पहुंचाने के लिए एक विशेष ट्रेन की मांग करने लगे। आईजी रेलवे पुलिस बल और जीआरपी की टुकड़ी के साथ मौके पर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि पुलिस ने अचानक हुई भीड़ के बारे में रेलवे अधिकारियों को सूचित किया और देर रात करीब दो बजे एक विशेष ट्रेन आ भी गई। उन्होंने बताया कि हालांकि, पटरी पर बैठे लोग हटने को तैयार नहीं हुए और जब पुलिसकर्मियों ने उन्हें हटाने की कोशिश की, तो उन्होंने पथराव शुरू कर दिया। उन्होंने कहा, कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सुबह तीन बजे तक स्टेशन पर सामान्य स्थिति बहाल कर दी गई। अंतिम उपाय के रूप में हमें लाठीचार्ज और आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े। पटना रेलवे पुलिस अधीक्षक (एसपी) कार्यालय द्वारा जारी बयान के अनुसार, भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आठ चक्र हवा में गोली भी चलाई गई।

# भारत की पहचान दुनिया के सबसे बड़े स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम वाले देश के रूप में हुई: मोदी



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक किफायती और सुलभ बनाने की दिशा में काम किया गया है। मोदी ने कहा कि स्वस्थ भारत के निर्माण के लिए सरकार आगे भी ऐसी सभी पहल जारी रखेगी। : मोदी ने कहा कि सरकार को इस बात पर गर्व होता है कि 'भारत को दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य योजना आयुष्मान भारत के लिए जाना जाता है, जो समाज के सबसे जरूरतमंद लोगों को उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराती है।' उन्होंने 'एक्स' पर कहा, पिछले 12 साल में भारत ने बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक किफायती और सुलभ बनाने के लिए लगातार काम किया है। मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना जैसी योजनाओं ने दवाइयों, स्टेंट और घुटने के प्रतिरोपण को किफायती बनाया है, जिससे बड़ी संख्या में लोगों को लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि साथ ही, अधिक संस्थानों और सीट की उपलब्धता के कारण मेडिकल शिक्षा लोगों की पहुंच में पहले की तुलना में अधिक सुलभ हो गई है। प्रधानमंत्री ने कहा, स्वस्थ भारत के निर्माण के लिए हम अब तक हुई प्रगति को आगे बढ़ाते हुए लगातार काम करते रहेंगे। केंद्र सरकार के नागरिक सहभागिता मंच 'माईगोव इंडिया' के मुताबिक, स्वास्थ्य सेवाओं तक आसान पहुंच सुनिश्चित करना किसी भी देश के लिए सबसे महत्वपूर्ण निवेशों में से एक है। 'माईगोव इंडिया' पर बताया गया, पिछले 12 साल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं ज्यादा लोगों तक, ज्यादा कुशलता से और कम खर्च में पहुंचाने की दिशा में बड़ी प्रगति की है। आज देश का स्वास्थ्य देखभाल तंत्र नागरिकों के लिए अधिक सुलभ, अधिक लचीला और भविष्य की जरूरतों के लिए तैयार है। 'माईगोव इंडिया' के मुताबिक, एक मजबूत स्वास्थ्य देखभाल तंत्र की शुरुआत अधिक चिकित्सकों, बेहतर प्रशिक्षण और मेडिकल शिक्षा तक व्यापक पहुंच से होती है। 'माईगोव इंडिया' पर बताया गया, इन वर्षों में मेडिकल क्षेत्र में करियर बनाने के इच्छुक लोगों को अपने घर के पास ही मौके मिले हैं, यहां तक कि उन इलाकों में भी जहां पहले ऐसे संस्थान नहीं थे। इसका नतीजा यह है कि कुशल स्वास्थ्य देखभाल पेशवर की एक बड़ी संख्या तैयार हो रही है, जो एक स्वस्थ भारत की सेवा के लिए तैयार

## भारत में घुसपैठ की कोशिश कर रहे 21 लोगों को रोका गयाःहिमंत विश्व शर्मा



**गुवाहाटी:** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को कहा कि राज्य पुलिस और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने भारत में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे 21 अवैध प्रवासियों को रोक दिया। शर्मा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''असम पुलिस और बीएसएफ के उत्कृष्ट संयुक्त प्रयास से 21 घुसपैठियों की शीघ्र पहचान कर उन्हें भारत में प्रवेश करने से रोक दिया गया।'' हालांकि, उन्होंने इस अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी साझा नहीं की। मुख्यमंत्री ने कहा, सीमाओं को सुरक्षित करने और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना... हमारी सीमाओं की रक्षा के लिए बहुआयामी रणनीति जारी है। असम के श्रीभूमि, कछार, धुबरी और दक्षिण शालमारा मानकाचर जिले बांग्लादेश के साथ 267.5 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा साझा करते हैं।

# आरएसएस का उद्देश्य राष्ट्र के पुनरुत्थान के लिए समाज को संगठित करना है: मोहन भागवत



**त्रिशूर (केरल) :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि संघ का मुख्य मकसद राष्ट्र के पुनरुत्थान के लिए समाज को संगठित करना है। यहां आरएसएस के शताब्दी संपर्क कार्यक्रम के तहत एक सभा को संबोधित करते हुए भागवत ने कहा कि संघ की स्थापना राजनीतिक सत्ता या लोकप्रियता के लिए नहीं की गई थी। :उन्होंने कहा, ''संघ की शुरुआत किसी समुदाय के विरोध में नहीं की गई थी। इसे सत्ता या लोकप्रियता हासिल करने के लिए नहीं बनाया गया था। इसकी शुरुआत एक बड़े राष्ट्रीय उद्देश्य को पूरा करने और देश के कल्याण एवं पुनरुत्थान के लिए जरूरी हर चीज में योगदान देने के लिए की गई थी।' आरएसएस की शुरुआत के बारे में भागवत ने कहा कि इसके संस्थापक के बी हेडगेवार का मानना था कि भारत बार-बार विदेशी ताकतों के अधीन इसलिए हुआ, क्योंकि समाज के अंदर कमजोरियां और विभाजन की प्रवृत्ति मौजूद थी और वह मानते थे कि स्थायी समाधान के लिए एक एकजुट, संगठित और अनुशासित समाज की जरूरत है। :उन्होंने कहा, 'समाज को संगठित करना था। उसे मजबूत बनाना था। तमाम विविधताओं के बावजूद लोगों को एक-दूसरे से जोड़ना था।' :भागवत ने कहा कि आरएसएस की स्थापना इस सोच के साथ की गई थी कि भारत की सभ्यता और संस्कृति से जुड़ी पहचान ही राष्ट्रीय एकता का आधार है। :उन्होंने कहा, ''हम सभी साझा सभ्यता और मूल्यों से जुड़े हैं। संघ का मानना है कि यही सांस्कृतिक एकता राष्ट्रीय जीवन का आधार है।' हिंदुत्व को लेकर संगठन की अवधारणा के बारे में भागवत ने कहा कि आरएसएस किसी धार्मिक समुदाय के खिलाफ नहीं है। :उन्होंने कहा, 'इसका मतलब हिंदू बनाम मुस्लिम या ईसाई नहीं है। यह सोच इस विचार पर आधारित है कि दुनिया एक परिवार है और तमाम विविधताओं के बावजूद सभी सौहार्द से मिल-जुलकर रह सकते हैं।' आरएसएस प्रमुख ने कहा कि संगठन का मुख्य काम चरित्र निर्माण और राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित लोगों को तैयार करना है। उन्होंने कहा, 'संघ मूल रूप से एक ही काम करता है।

## 19वां मुंबई अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 15 से 21 जून तक, 46 देशों की 346 फिल्में होंगी प्रदर्शित

**मुंबई:** वृत्तचित्र, लघु कथा और एनीमेशन फिल्मों के प्रतिष्ठित आयोजन 19वें मुंबई अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (एमआईएफएफ)-2026 का आयोजन 15 से 21 जून तक मुंबई में किया जाएगा। इस दौरान दुनिया भर के फिल्मकार, निर्माता, उद्योग विशेषज्ञ और सिनेमा प्रेमी एक मंच पर जुटेंगे। महोत्सव में 46 देशों की कुल 346 फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम (एनएफडीसी) के प्रबंध निदेशक प्रकाश मगदूम ने बताया कि इस वर्ष महोत्सव को विश्वभर से 1,459 फिल्म प्रविष्टियां प्राप्त हुई हैं। प्रतियोगिता वर्ग में 144 फिल्में शामिल हैं, जिनमें 52 अंतरराष्ट्रीय और 92 भारतीय फिल्में हैं। वहीं गैर-प्रतियोगिता वर्ग में 202 फिल्मों का प्रदर्शन होगा। महोत्सव का उद्घाटन तीन फिल्मों के प्रदर्शन से होगा, जिनमें कनाडा की एनीमेशन फिल्म 'गुड लक टू यू ऑल', फिलीपींस की लघु कथा फिल्म 'अगापितो' और अमेरिका-आइसलैंड की वृत्तचित्र फिल्म 'टाइम एंड वाटर' शामिल हैं। इस बार महोत्सव में दो नए विशेष खंड 'मराठी फिल्म्स' और 'इकोज फ्रॉम नॉर्थईस्ट' जोड़े गए हैं, जिनका उद्देश्य क्षेत्रीय सिनेमा और सांस्कृतिक विविधता को वैश्विक मंच प्रदान करना है। प्रसिद्ध फिल्मकार डेविड एटनबरो के सम्मान में उनकी दो फिल्मों का विशेष प्रदर्शन भी किया जाएगा। एमआईएफएफ-2026 में 18 पुरस्कार दिए जाएंगे, जिनकी कुल पुरस्कार राशि 45 लाख रुपये है। इसके अलावा पहली बार 'मुंबई थ्रू अ थाउजेंड आइज' नामक 48 घंटे का एआई सिनेमा हैकाथॉन आयोजित किया जाएगा। महोत्सव में 10 मास्टरक्लास, कई पैनल चर्चाएं तथा वेव्स डॉक बाजार के तहत 155 परियोजनाओं का प्रदर्शन भी होगा। विद्यार्थियों के लिए पंजीकरण निःशुल्क रखा गया है।

## गुजरात के गिर सोमनाथ में 310 करोड़ रुपये के साइबर ठगी मामले में पांच लोग गिरफ्तार

**वेरावल (गुजरात) :** गुजरात के गिर सोमनाथ जिले में पुलिस ने 'म्यूल' बैंक खातों के जरिए 310 करोड़ रुपये से अधिक के संदिग्ध लेनदेन से जुड़े एक साइबर ठगी गिरोह का भंडाफोड़ कर पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। जांच अधिकारियों ने इसे जिले में अब तक का सबसे बड़ा साइबर अपराध मामला बताया है। पुलिस अधीक्षक जयदीपसिंह जडेजा ने बताया कि अपराध शाखा थाने में मामला दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई राज्यव्यापी ''ऑपरेशन म्यूल हंट 2.0'' के तहत की गई, जिसे हाल में 'म्यूल' खाता धारकों की पहचान करने, साइबर ठगी नेटवर्क पर शिकंजा कसने और पीड़ितों की रकम वापस दिलाने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। 'म्यूल' बैंक खाते ऐसे बैंक खाते होते हैं, जिनका इस्तेमाल अपराधी खाताधारक की जानकारी के बिना या कभी-कभी उसकी मिलीभगत से अवैध धन के लेन-देन या धनशोधन के लिए करते हैं। जडेजा ने रविवार को संवाददाताओं से कहा, ''यह जिले में दर्ज अब तक का सबसे बड़ा साइबर अपराध मामला है। इस अभियान का उद्देश्य साइबर अपराध के पीड़ितों की खोई हुई रकम जल्द से जल्द वापस दिलाना और अवैध गतिविधियों के लिए बैंक खाते किराये पर देने की बढ़ती प्रवृत्ति पर रोक लगाना है।'

# महाराष्ट्र के सोलापुर जिले में पिकअप वैन के कुएं में गिरने से आठ लोगों की मौत



**सोलापुर (महाराष्ट्र):** सोलापुर जिले की मालशिरस तहसील में रविवार को एक पिकअप वैन सड़क किनारे बने कुएं में गिर गई, जिससे चार बच्चों समेत आठ लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हुए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना तंदुलवाड़ी गांव के निकट हुई और वाहन में 15 लोग सवार थे। सोलापुर के पुलिस अधीक्षक अतुल कुलकर्णी ने बताया, 'शुरुआती जानकारी के मुताबिक 15 लोगों को ले जा रही एक पिकअप वैन का चालक वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा, और वाहन सड़क किनारे बने एक कुएं में गिर गया। इस हादसे में चार महिलाओं और चार बच्चों की मौत हो गई, जबकि सात अन्य लोग घायल हुए हैं।' उन्होंने बताया कि वाहन को कुएं से बाहर निकाला जा रहा है और घायलों को अस्पताल ले जाया गया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने दुर्घटना में हुई मौतों पर दुख जताया और मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। फडणवीस ने बताया कि सात लोगों को बचाया गया है और अभी उनका इलाज जारी है। उन्होंने कहा कि सोलापुर के जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक तुरंत दुर्घटनास्थल पर पहुंच गए थे और राज्य सरकार हालात पर नजर रखने के लिए स्थानीय प्रशासन के लगातार संपर्क में है।

## भारत और उसके लोगों की उपलब्धियों को कमतर आंकते हैं राहुल गांधी वित्त मंत्री सीतारमण

**बेंगलुरु:** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए रविवार को आरोप लगाया कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्र सरकार को घेरने की कोशिश में भारत एवं उसके लोगों की उपलब्धियों को ''कमतर'' आंकते हैं। सीतारमण ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी कोविड-19 वैश्विक महामारी और पश्चिम एशिया में संघर्ष जैसे बड़े संकटों के दौरान भी भारत की उपलब्धियों को 'नजरअंदाज'' करते हैं। उन्होंने कहा कि देश के सामने ऐसा कोई संकट नहीं है, जैसा राहुल गांधी पेश कर रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के शासन के 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में यहां आयोजित 'विकसित भारत संकल्प समावेश' में पार्टी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा, ''लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष जब भी बोलते हैं, तो हर चीज की केवल आलोचना करते हैं और भारत के लोगों की उपलब्धियों को कमतर आंकते हैं। उन्हें लगता है कि ऐसा करके वह प्रधानमंत्री मोदी या केंद्र सरकार को कमतर दिखा रहे हैं।' सीतारमण ने कहा कि राहुल गांधी लगातार कहते रहते हैं कि अगले कुछ सप्ताह में सब कुछ ढह जाएगा। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष बार-बार कहते हैं कि कोई बड़ा संकट आने वाला है, लेकिन भारत के सामने ऐसा कोई संकट नहीं है।

## वेव्स डॉक बाजार में 19 देशों की 155 परियोजनाएं, उत्कृष्ट फिल्मों को मिलेगा तीन लाख रुपये का अनुदान

**मुंबई:** 19वें मुंबई अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (एमआईएफएफ)-2026 के तहत आयोजित होने वाले वेव्स डॉक बाजार के दूसरे संस्करण में दुनिया भर की 155 डॉक्यूमेंट्री परियोजनाओं को प्रदर्शित किया जाएगा। राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम (एनएफडीसी) ने इस वर्ष चयनित परियोजनाओं की घोषणा करते हुए बताया कि उत्कृष्ट प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए पहली बार तीन सर्वश्रेष्ठ परियोजनाओं को तीन-तीन लाख रुपये का नकद अनुदान दिया जाएगा। एमआईएफएफ का बाजार खंड 16 से 18 जून तक मुंबई स्थित एनएफडीसी मुख्यालय में आयोजित होगा। यह मंच फिल्मकारों, निर्माताओं, प्रसारकों, वितरकों, फिल्म महोत्सव प्रतिनिधियों और उद्योग विशेषज्ञों को एक साथ लाएगा। इसका उद्देश्य सहयोग, नेटवर्किंग और बाजार अवसरों को बढ़ावा देना है। इस वर्ष वेव्स डॉक बाजार रिकमेंड्स कार्यक्रम के तहत कुल 12 परियोजनाओं का चयन किया गया है, जिनमें चार परियोजनाएं **वर्क-इन-प्रोग्रेस (डब्ल्यूआईपी) लैब का हिस्सा हैं। इस लैब में फिल्मकार अपनी फिल्मों के प्रारंभिक संस्करण अंतरराष्ट्रीय सलाहकारों और संपादकों के समक्ष प्रस्तुत करेंगे तथा उन्हें विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्राप्त होगा। इसके अलावा आठ अन्य परियोजनाएं बिक्री, वितरण और प्रदर्शन के अवसरों की तलाश में हैं। इन फिल्मों को खरीदारों, वितरकों, प्रसारकों और ओटीटी मंचों के साथ संवाद का अवसर मिलेगा, जिससे उन्हें व्यापक दर्शक वर्ग तक पहुंचने में मदद मिलेगी। सभी 12 चयनित परियोजनाएं 16 जून को आयोजित ओपन पिच सत्र में भाग लेंगी, जहां वे अपने विचार और फिल्म परियोजनाएं उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के सामने प्रस्तुत करेंगी। वेव्स डॉक बाजार की विशेष आकर्षण व्यूइंग रूम डिजिटल लाइब्रेरी होगी, जिसमें 19 देशों और 35 भाषाओं की 155 परियोजनाएं उपलब्ध रहेंगी। इससे वैश्विक स्तर पर डॉक्यूमेंट्री फिल्मों के वितरण, अधिग्रहण और सहयोग की नई संभावनाएं खुलेंगी।

## राजग राज्यसभा में दो-तिहाई बहुमत के करीब, टीएमसी में बगावत के बावजूद लोकसभा में संख्या बल कम

**नयी दिल्ली:** तृणमूल कांग्रेस में बगावत से संसद में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की ताकत बढ़ने की उम्मीद है, क्योंकि वह अहम संवैधानिक संशोधन विधेयक पारित कराने के लिए दोनों सदनों में दो-तिहाई बहुमत हासिल करने की कोशिश कर रहा है। हालांकि, राज्यसभा चुनावों का मौजूदा दौर राजग को दो-तिहाई बहुमत के आंकड़े के करीब पहुंचने में मदद करेगा, लेकिन लोकसभा में टीएमसी सांसदों के पाला बदलने के बावजूद, वह अब भी 363 के इस जादुई आंकड़े से काफी दूर है। सूत्रों के मुताबिक, राज्यसभा में राजग के मौजूदा 148 सांसदों की संख्या में तीन और सीटें जुड़ने की उम्मीद है। यह बढ़ोतरी झारखंड और मिजोरम में हो रहे राज्यसभा चुनावों में निर्दलीय उम्मीदवारों की सीटें जीतने से हो सकती है।

# दिल्ली यमुना सफाई अभियान में शामिल हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता समेत भाजपा के नेता और कार्यकर्ता



**नयी दिल्ली:** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और उनके कैबिनेट सहयोगी रविवार को यहां यमुना नदी के 28 घाटों पर चलाए गये सफाई अभियान में शामिल हुए। गीता कॉलोनी में नदी के किनारे चलाए गए इस अभियान में शामिल हुईं रेखा गुप्ता ने कहा कि यमुना को साफ और स्वच्छ बनाए रखने के लिए लोगों की भागीदारी बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि नदी में टूटी हुई मूर्तियां और कपड़े फेंके गए थे। मुख्यमंत्री ने लोगों से इस तरह की चीजें नदी में नहीं फेंकने की अपील की। यह अभियान सुबह छह बजे शुरू हुआ और पूर्वाह्न 10 बजे खत्म हुआ। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा भी पार्टी के अन्य नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ यमुना नदी के किनारे वाले इलाके में चलाये गये इस अभियान में शामिल हुए। अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान में हजारों नागरिकों ने हिस्सा लिया, जिनमें 500 से अधिक सामाजिक और धार्मिक संगठनों के स्वयंसेवक भी शामिल थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि नदी की साफ-सफाई एक सामूहिक जिम्मेदारी है, जिसके लिए सरकार और समाज दोनों को मिलकर काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यह अभियान सिर्फ एक दिन तक सीमित नहीं रहेगा और दिल्ली सरकार अलग-अलग जगहों पर ऐसे अभियान नियमित रूप से करती रहेगी, जिनमें नागरिकों को भी शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। यमुना की सफाई के लिए 1,000 करोड़ रुपये से ज्यादा की परियोजना को पहले ही मंजूरी दी जा चुकी है।




# स्मृति के अर्धशतक और दीप्ति के पंजे से पाकिस्तान पस्त

### भारत ने 170 रन बनाए, जवाब में पाक टीम 106 रन पर ढेर

**बर्मिंघम :** सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना के शानदार अर्धशतक और अनुभवी ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा की करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी के दम पर भारत ने महिला टी20 विश्व कप के ग्रुप-ए मुकाबले में पाकिस्तान को 64 रन से हराकर अपने अभियान का विजयी आगाज किया। भारत द्वारा दिए गए 171 रन के लक्ष्य के जवाब में पाकिस्तान की टीम 17 ओवर में 106 रन पर सिमट गई।भारत की जीत की सबसे बड़ी नायिका दीप्ति शर्मा रहीं, जिन्होंने मात्र 10 रन देकर पांच विकेट चटकाए। उन्हें बाएं हाथ की स्पिनर श्री चरणी (3/21) और शैफाली वर्मा (1/22) का भी शानदार साथ मिला। पाकिस्तान की ओर से मुनीबा अली ने सर्वाधिक 41 रन बनाए, लेकिन उनके अलावा कोई भी बल्लेबाज 20 रन का आंकड़ा नहीं छू सकी।इससे पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम ने महज 18 रन पर शैफाली वर्मा (6) और जेमिमा रोड्रिग्स (1) के विकेट गंवा दिए। इसके बाद स्मृति



मंधाना और कप्तान हरमनप्रीत कौर ने पारी को संभाला और तीसरे विकेट के लिए 91 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की।स्मृति ने दो जीवनदान का पूरा फायदा उठाते हुए 44 गेंदों में 68 रन बनाए, जिसमें नौ चौके और दो छक्के शामिल रहे। वहीं हरमनप्रीत ने 35 गेंदों में 36 रन का योगदान दिया। अंतिम ओवरों में ऋचा घोष ने विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए 17 गेंदों में 34 रन बनाए। उन्होंने पांच चौके और एक छक्का जड़ा तथा दीप्ति शर्मा (नाबाद 12) के साथ छठे विकेट के लिए 21 गेंदों में 45 रन जोड़कर भारत का स्कोर छह विकेट पर 170 रन तक पहुंचाया। यह टी20 विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ भारत का सर्वोच्च स्कोर भी है।171 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान ने पावरप्ले में 52 रन बनाकर अच्छी शुरुआत की, लेकिन दीप्ति शर्मा ने बीच के ओवरों में मैच का रुख पूरी तरह बदल दिया। मुनीबा अली के रन आउट होने के बाद पाकिस्तान की बल्लेबाजी बिखर गई। कप्तान फातिमा सना ने 33 रन बनाए, लेकिन उन्हें दूसरे छोर से सहयोग नहीं मिला।दीप्ति ने आलिया रियाज, तस्मिया रुबाब और नाशरा संधू के विकेट लेकर पाकिस्तान की पारी समेट दी। इस जीत के साथ भारत ने टूर्नामेंट में अपने इरादे स्पष्ट कर दिए हैं और अंक तालिका में मजबूत शुरुआत की है।

## स्ट्रैप : तीरंदाजी विश्व कप में भारत का ऐतिहासिक प्रदर्शन

### कोरिया पर दोहरी जीत, भारत का स्वर्णिम कमाल



**अंताल्या :** भारतीय रिकर्व तीरंदाजों ने तीरंदाजी विश्व कप के तीसरे चरण में इतिहास रचते हुए दक्षिण कोरिया को एक ही दिन में दो बार हराकर दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए। यह पहला अवसर है जब भारत ने विश्व कप के किसी एक चरण में रिकर्व स्पर्धा में कोरिया को मात देकर दो स्वर्ण पदक जीते हैं।भारत की सफलता के नायक धीरज बोम्मादेवरा रहे। उन्होंने 17 वर्षीय कुमकुम मोहोद के साथ मिलकर रिकर्व मिश्रित टीम स्पर्धा के फाइनल में ओलंपिक चैंपियन कोरिया की जोड़ी किम जे देओक और ओह ये जिन को 5-1 से हराया। इसके कुछ घंटे बाद धीरज ने व्यक्तिगत फाइनल में पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता कोरियाई तीरंदाज ली वू सियोक को 7-3 से पराजित कर अपना पहला व्यक्तिगत विश्व कप स्वर्ण पदक जीता।धीरज और कुमकुम की जोड़ी ने पूरे मुकाबले में शानदार संयम दिखाया। निर्णायक क्षणों में दोनों ने सटीक निशाने लगाकर कोरियाई चुनौती को विफल कर दिया। कुमकुम के लिए यह लगातार दूसरा विश्व कप स्वर्ण पदक रहा। इससे पहले उन्होंने शंघाई विश्व कप में भारतीय महिला टीम को स्वर्ण दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी।धीरज की व्यक्तिगत जीत भी बेहद खास रही। उन्होंने विश्व कप स्वर्ण पदक मुकाबले में किसी कोरियाई तीरंदाज को हराने वाले पहले भारतीय रिकर्व खिलाड़ी बनने का गौरव हासिल किया। इससे पहले यह उपलब्धि 2012 में दीपिका कुमारी ने हासिल की थी।भारत ने प्रतियोगिता में दो स्वर्ण पदकों के साथ पदक तालिका में दूसरा स्थान हासिल किया। चीन तीन स्वर्ण के साथ शीर्ष पर रहा, जबकि कोरिया चौथे स्थान पर खिसक गया। भारतीय रिकर्व तीरंदाजों का यह प्रदर्शन आगामी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए बड़े आत्मविश्वास का संकेत माना जा रहा है।

## स्कॉटलैंड ने हैती पर 1-0 की जीत से 28 साल बाद विश्व कप में वापसी की



**फॉक्सबोरो (मैसाचुसेट्स) :** जॉन मैकगिन के 28वें मिनट में किए गए गोल की मदद से स्कॉटलैंड ने ग्रुप सी के मैच में हैती को 1-0 से हराकर विश्व कप फुटबॉल में 32 साल बाद शानदार वापसी की। हैती के एक डिफेंडर से टकराकर गेंद मैकगिन के पास पहुंची और उन्होंने गोलकीपर जॉनी प्लासिड को चकमा देते हुए गोल दाग दिया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। स्कॉटलैंड 1998 के बाद पहली बार इस टूर्नामेंट में भाग ले रहा है। उसने 1990 के बाद विश्व कप में अपनी पहली जीत हासिल की। तब उसने स्वीडन को 2-1 से हराया था। ग्रुप में प्रबल दावेदार ब्राजील और मोरक्को के बीच मैच 1-1 से ड्रॉ रहा था और इस तरह से स्कॉटलैंड तीन अंक लेकर ग्रुप तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है। हैती 1974 के बाद पहली बार विश्व कप में भाग ले रहा है। उसे अब भी विश्व कप में अपने पहले अंक का इंतजार है। :स्कॉटलैंड की टार्टन आर्मी के समर्थक बड़ी संख्या में यहां पहुंचे थे। उन्होंने बोस्टन से लगभग 30 मील दूर स्थित खचाखच भरे जिलेट स्टेडियम के अंदर लाल रंग की लहर सी पैदा कर दी। स्कॉटलैंड 17वें मिनट में गोल करने के करीब पहुंच गया जब कप्तान स्कॉट मैकटोमिने को मौका मिला लेकिन उनका शॉट पोस्ट के ऊपरी हिस्से से टकराकर बाहर निकल गया। हैती को दूसरे हाफ में गोल करने के कुछ अच्छे मौके मिले। रुबेन प्रोविडेंस ने 74वें मिनट में विल्सन इसिडोर को एक क्रॉस पास दिया, लेकिन फॉरवर्ड इसिडोर उस पर गोल करने में नाकाम रहे। इसके बाद 84वें मिनट में फ्रांत्ज़डी पियरोट का हेडर बायीं तरफ से बाहर चला गया। स्कॉटलैंड की टीम शुक्रवार को जिलेट स्टेडियम में मोरक्को के खिलाफ खेलेगी। हैती का अगला मुकाबला शुक्रवार को फिलाडेल्फिया में ब्राजील से होगा।

### उम्मीदों के बोझ तले अच्छा प्रदर्शन करने को प्रतिबद्ध है पुर्तगाल

**पाम बीच :** अब तक फुटबॉल विश्व कप का खिताब नहीं जीत पाने वाले पुर्तगाल और उसके स्टार स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो पर उम्मीदों का बड़ा बोझ है लेकिन उसके खिलाड़ी इसके बारे में नहीं सोच रहे हैं और एक समय में एक मैच पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं। विश्व कप में इस बार 48 टीम भाग ले रही हैं और पुर्तगाल खिताब के प्रबल दावेदारों में शामिल है। : पुर्तगाल के मिडफील्डर विटिन्हा ने शनिवार को अमेरिका में अपने पहले अभ्यास सत्र से पहले कहा, ''हमने अपनी टीम पर अत्यधिक दबाव डालने के बारे में बात नहीं की है। सभी प्रतियोगिताएं वर्तमान पर ध्यान केंद्रित करके जीती जाती हैं, न कि भविष्य के परिणामों की चिंता करके।'' उन्होंने कहा, ''हम अभी केवल अगले मैच के बारे में सोच रहे हैं। हम प्रत्येक मैच जीतने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमें पहले ग्रुप चरण से आगे बढ़ना होगा।'' पुर्तगाल 17 जून को ह्यूस्टन में कांगो के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगा। :विटिन्हा ने कहा कि खिलाड़ियों को विश्वास है कि उनकी टीम टूर्नामेंट में काफी आगे जाने की क्षमता रखती है। उसका प्रत्येक खिलाड़ी एक भावपूर्ण स्मृति के साथ प्रतिस्पर्धा करेगा। पुर्तगाल के प्रधानमंत्री ने हाल ही में टीम से मुलाकात की और प्रत्येक खिलाड़ी को एक ब्रेसलेट भेंट किया जिस पर उनका नाम और साथ ही दिवंगत फॉरवर्ड डियोगो जोटा का नाम अंकित था, जिनकी पिछले साल जुलाई में स्पेन में एक कार दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी।

## ऑस्ट्रेलिया ने 2-0 की जीत से तुर्किए की वापसी के जश्न में रंग में भंग डाला

**वैंकूवर :** नेस्टोरी इरंकुंडा और कॉनर मेटकाफ के गोल की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने यहां 2-0 से जीत दर्ज करके तुर्किए की 24 साल बाद विश्व कप फुटबॉल में वापसी के जश्न में रंग में भंग डाल दिया। इस मैच को देखने के लिए फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो भी स्टेडियम में पहुंचे थे। ऑस्ट्रेलिया की जीत का श्रेय उसके गोलकीपर पैट्रिक बीच को भी जाता है जिन्होंने ग्रुप डी के इस मैच में आठ शानदार बचाव किए। ऑस्ट्रेलिया लगातार छठी बार और कुल मिलाकर सातवीं बार विश्व कप में खेल रहा था। तुर्किए 2002 में विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचा था, लेकिन उसके बाद लगातार पांच टूर्नामेंट में जगह बनाने से चूक गया। उसने इस साल प्लेऑफ में कोसोवो को हराकर क्वालीफाई किया। इरंकुंडा ने तीन डिफेंडरों से घिरे होने के बावजूद 27वें मिनट में निचले शॉट से गोल करके ऑस्ट्रेलिया को बढ़त दिला दी। इरंकुंडा ने ऑस्ट्रेलियाई फुटबॉल के दिग्गज टिम कहिल के इस खेल में योगदान को याद करने के लिए कॉर्नर फ्लैग पर मुक्का मारकर जश्न मनाया। वाटफोर्ड के लिए खेलने वाले 20 वर्षीय इरंकुंडा ऑस्ट्रेलिया की तरफ से विश्व कप में सबसे कम उम्र के गोल स्कोरर बन गए हैं। इसके कुछ मिनट बाद बीच ने अब्दुलकरीम बरदाकसी के जोरदार शॉट को रोककर शानदार बचाव किया। ऑस्ट्रेलिया के कोच टोनी पोपोविच ने अनुभवी गोलकीपर मैथ्यू रयान की जगह बीच को शुरुआती एकादश में रखने का चौंकाने वाला फैसला किया जो सही साबित हुआ।

## विश्व कप रेफरी उमर आर्टन को अमेरिका में प्रवेश नहीं मिलने के बावजूद फीफा से पूरी फीस मिलेगी

**अटलांटा :** सोमालिया के रेफरी ओमर आर्टन को भले ही विश्व कप के लिए अमेरिका में प्रवेश नहीं मिला लेकिन फिर भी उन्हें टूर्नामेंट की पूरी फीस दी जाएगी। मामले की जानकारी रखने वाले एक व्यक्ति ने 'द एसोसिएटेड प्रेस' को बताया कि आर्टन को भुगतान मिलने का हक होगा, भले ही उन्होंने लगभग छह हफ्ते तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में किसी भी मैच में रेफरी की भूमिका नहीं निभाई हो। ::सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर यह बात कही क्योंकि उन्हें सार्वजनिक रूप से बोलने की इजाज़त नहीं थी। उन्होंने कहा कि फीस का फैसला अगले महीने टूर्नामेंट खत्म होने के बाद किया जाएगा। आर्टन फुटबॉल के शीर्ष अधिकारियों में से एक हैं और उन्हें 2025 में अफ्रीका का सर्वश्रेष्ठ पुरुष रेफरी चुना गया था। लेकिन पिछले हफ्ते इस्तांबुल से मियामी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पहुंचने पर सोमालिया के इस नागरिक को प्रवेश नहीं दिया गया था।

वर्ष 11, पूर्णांक 3623 अंक 089 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित। सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in

सत्यमेव जयते
नागरिक उड्डयन मंत्रालय
भारत सरकार

# विकसित भारत की उड़ान, प्रगति से जन-जन की पहचान

"पिछले एक दशक में भारत के विमानन क्षेत्र ने ऐतिहासिक परिवर्तन का अनुभव किया है। जो कभी सीमित लोगों तक सिमटा हुआ क्षेत्र था, वह आज विकसित होकर दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा घरेलू विमानन बाजार बन चुका है।"
– नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



**माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में नागरिक उड्डयन मंत्रालय अपनी ऐतिहासिक उपलब्धियों और प्रगतियों के माध्यम से विकास को गति दे रहा है तथा भारत को बेहतर संपर्क से जोड़ रहा है।**

## 12 वर्ष
### भारत की रफ्तार विमानन का विस्तार

**उड़ान – क्षेत्रीय संपर्क को बढ़ावा**
669 रूटों और 95 एयरपोर्टों का संचालन; 3.50 लाख उड़ानों के माध्यम से 1.66 करोड़ यात्रियों की सेवा

**एयरपोर्ट बुनियादी ढांचे का विस्तार**
1.4 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश के साथ परिचालित एयरपोर्टों की संख्या 74 से बढ़कर 165 हुई

**ड्रोन इकोसिस्टम**
39,000 ड्रोन पंजीकृत और 44,000 + पायलट प्रमाणपत्र जारी

**मेंटेनेंस, रिपेयर एवं ओवरहॉल (एमआरओ)**
भारत को एमआरओ हब बनाने की दिशा में बड़ी प्रगति, संगठनों की संख्या 96 से बढ़कर हुई 164

**डिजिटल परिवर्तन**
डिजियात्रा के माध्यम से 38 एयरपोर्टों पर संपर्करहित यात्रा सुविधा, 10 करोड़ से अधिक सहज यात्राएं

**हरित एयरपोर्ट**
100 एयरपोर्ट हरित ऊर्जा से संचालित

**विमान लीजिंग हब**
378 विमानन परिसंपत्तियां लीज पर


**विमानन प्रशिक्षण व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण**
देशभर में 41 फ्लाइंग ट्रेनिंग ऑर्गेनाइजेशन स्थापित

**घरेलू विनिर्माण**
स्वदेशी नागरिक विमान निर्माण और एमआरओ के लिए इकोसिस्टम का विकास

**समावेशी एयरपोर्ट सुविधाएं**
उड़ान यात्री कैफे, फ्लायब्रैरी और किड्स ज़ोन के माध्यम से एयरपोर्ट्स पर एक नया अनुभव

**विमानन क्षेत्र में महिलाएं**
बढ़ती भागीदारी, देश की 15% से अधिक पायलट महिलाएं

**विमानन कानूनी ढांचे का आधुनिकीकरण**
वैश्विक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के लिए विधायी और नियामकीय सुधार




CBC 03111/13/0002/2627

12 Saal Vishwas ke, Vikas ke, Jan-kalyan ke